उज्जैन
सोमवार
22
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-229
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




जाह्नवी कपूर ने पहना बॉयफ्रेंड के नाम का नाइटसूट, सूट पर लिखा- अगर गुम हो जाऊं तो शिखर पहाड़िया के पास लौटा देना

### ट्रम्प की धमकी के बाद बातचीत छोड़कर निकले ईरानी अधिकारी

**तेल अवीव।** स्विट्जरलैंड में रविवार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दौरान तनाव बढ़ गया। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकियों से नाराज होकर ईरानी टीम ने बातचीत बंद कर दी। एजेंसी ने कहा कि कतर के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद ईरानी टीम उस इमारत से निकल गई, जहां अमेरिका के साथ बातचीत हो रही थी। पहले दोनों पक्षों के बीच हाथ मिलाने और जॉइंट फोटो सेशन की योजना बनी थी। लेकिन ईरानी टीम ने इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया। न्यूज एजेंसी ने दावा किया कि बातचीत शुरू होने से तुरंत पहले ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी थी।



### तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव, 2 की मौत

**चैन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 64 श्रमिक प्रभावित हुए। प्रभावितों में 60 महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। हालांकि, इससे पहले न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में 7 महिला कर्मचारियों की मौत कही गई थी। मरीजों में 9 महिलाएं वेंटिलेटर पर हैं। प्रभावित 64 श्रमिकों में से 15 को सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं 47 कर्मचारी निजी अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें 24 अन्य श्रमिक निजी अस्पतालों में भर्ती होकर निगरानी में हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई।

### भारत से सीमा विवाद में ब्रिटेन को मध्यस्थ नहीं बनाना चाहते

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने कहा है कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए उनका देश ब्रिटेन को मध्यस्थ नहीं बनाना चाहता। उन्होंने कहा कि उनके पुराने बयान का गलत मतलब निकाला गया था और नेपाल इस मुद्दे को भारत के साथ सीधे बातचीत से ही सुलझाना चाहता है। चितवन में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के महाधिवेशन में शाह ने कहा कि कालापानी और लिपुलेख से जुड़े ब्रिटिश शासनकाल के कुछ दस्तावेज मौजूद हैं। उनका कहना था कि इन ऐतिहासिक सबूतों को सामने लाया जाना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि नेपाल किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता चाहता है।



### बस और लॉरी की टक्कर, चार लोगों की मौत, 29 घायल

**मैनागुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी ज़िले के मैनागुड़ी इलाके में नेशनल हाईवे 27 पर एक बस और लॉरी की टक्कर में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। बीजेपी सांसद जयंत कुमार रॉय ने कहा कि हादसे में शामिल 32 लोगों को पास के अस्पताल में लाया गया, जिनमें से चार की बाद में चोटों के कारण मौत हो गई। उन्होंने कहा, आज जलपाईगुड़ी में एक हादसा हुआ। हादसे में शामिल 32 लोगों को इस अस्पताल में लाया गया, उनमें से 4 लोगों की मौत हो गई है। रॉय के अनुसार, हादसे के बाद 17 महिलाओं और 15 पुरुषों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ घायलों को आगे के इलाज के लिए दूसरे मेडिकल सेंटरों में भेजा जा रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पोलैंड का सर्वोच्च सम्मान लौटाया

**यूक्रेन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पोलैंड का सर्वोच्च राज्य सम्मान ऑर्डर ऑफ द व्हाइट ईगल लौटा दिया है। यह कदम पोलैंड के राष्ट्रपति कारोळ नवरोत्स्की द्वारा सम्मान वापस लेने के फैसले के बाद उठाया गया। दोनों देशों के बीच द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास से जुड़ा विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। नवरोत्स्की ने जेलेंस्की से सम्मान वापस लेने का फैसला तब किया, जब यूक्रेन ने अपनी स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स की एक यूनिट का नाम यूक्रेनियन इंसर्जेंट आर्मी के नाम पर रखा।



### फ्रांस में भीषण गर्मी के बीच संगीत महोत्सव पर शराब बैन

**फ्रांस।** फ्रांस में जारी भीषण हीटवेव के बीच सरकार ने राष्ट्रीय संगीत महोत्सव फेट द ला म्यूजिक के दौरान कुछ आयोजनों में शराब के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है। देश के लगभग एक-तिहाई हिस्से में रेड हीटवेव अलर्ट जारी है और कई क्षेत्रों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि राज्य और उससे जुड़ी एजेंसियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में शराब नहीं परोसी जाएगी। रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर भी रोक लगाई गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सोमवार को गर्मी और बढ़ सकती है।


#### अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी में दो दिन में एफआईआर संभव

# टिन्नू यादव समेत 80 लोग नामजद होंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या**

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम, यानी एसआईटी आज सीएम योगी को शुरूआती रिपोर्ट सौंप सकती है। रविवार शाम टीम योगी से मिलने पहुंची थी, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। सीएम मानसून सत्र समेत अन्य मीटिंग में व्यस्त थे।

एसआईटी आज योगी को रिपोर्ट सौंपेगी



एसआईटी ने 7 पेन ड्राइव में डेटा सेव किया है। 6 दिन की जांच में 150 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। इनमें से 25 लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। जिन लोगों से एसआईटी पूछताछ कर चुकी है, उन्हें अगले आदेश तक कहीं बाहर न जाने की चेतावनी दी गई है। इनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी शामिल हैं। एसआईटी मामले में आज या कल में एफआईआर भी करा सकती है। चंपत राय के करीबी राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू और अनुकल्प समेत 80 लोगों को नामजद किया जा सकता है। इसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों के नाम भी बताए जा रहे हैं। टिन्नू चंपत राय का करीबी है। दान राशि की गिनती से जुड़े काम देखता था। उस पर आरोप है कि 8 महीने की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कराई। वहीं, अनुकल्प मिश्रा भी राम मंदिर में नौकरी करता है।

### टीम को सीता रसोई ट्रस्ट को मिले दान पर भी शक

दूसरी ओर, एसआईटी की जांच में एक ट्रस्ट सीता रसोई के गठन की भी बात सामने आई है। इस ट्रस्ट के नाम पर लिए गए दान और इसके इस्तेमाल की भी जांच करने के बाद इसे शक की नजर से देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि जांच की अगली कड़ी में यह ट्रस्ट निशाने पर होगा।

### प्रयागराज महाकुंभ के समय कई सौ करोड़ दान मिला, दिखाया कम

प्रयागराज महाकुंभ के समय करोड़ों श्रद्धालु राम मंदिर भी आए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से कैंप लगाकर दान लिया गया। जांच टीम को उस दौरान दान की धनराशि कम मिली, जिस पर टीम को संदेह है। माना जा रहा कि उस समय कई सौ करोड़ रुपए दान में मिले, जबकि उसका आधा भी नहीं दिखाया गया। टीम आगे यह भी जांच कर सकती है कि रामलला के नाम पर और कितने ट्रस्ट बनाकर दान की रकम ली जा रही है।

### ईरान हिजबुल्लाह को रोके वरना फिर हमला करेंगे : ट्रम्प

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि वह लेबनान में अपने समर्थक संगठन हिजबुल्लाह की गतिविधियों पर रोक लगाए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ऐसा ईरान ने हिजबुल्लाह को नहीं रोका, तो अमेरिका उस पर पिछले हफ्ते से भी ज्यादा बड़ा हमला करेगा। इसी बीच स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच 82 मिनट बातचीत चली। ईरान ने कहा- हमने अपनी फ्रीज की गई संपत्ति को वापस करने पर चर्चा की। साथ ही ईरान के एनर्जी सेक्टर पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने पर भी बात हुई। उधर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वार्ता के दौरान कहा कि पिछले कुछ घंटों में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान मिलकर शांति और समृद्धि के लिए काम कर सकते हैं। वेंस के मुताबिक, ट्रम्प चाहते हैं कि दोनों देशों के रिश्तों में नया अध्याय शुरू हो और अगले 10 साल में पश्चिम एशिया की तस्वीर बदल जाए। पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का मकसद क्षेत्र में तनाव कम करना और स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ना है।

# नीतीश कुमार पलटी मारने वाले हैं?

## भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर एनडीए दो खेमे में बंटा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना**

आरजेडी नेता एजिया यादव ने एक्स पर लिखा कि बिहार में मौसम का हाल बाद में पता चलता है लेकिन नीतीश जी का मन डोलने की चर्चा पहले ही शुरू हो जाती है।

भरत तिवारी एनकाउंटर पर बीजेपी एमएलसी पवन सिंह की अब प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी दी कि वह पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी का सामाजिक योगदान सदैव यादगार रहेगा। उन्होंने एक्स पर लिखा भोजपुर निवासी स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी जी केवल इतना चाहते थे कि जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान करें। गरीब, वंचित और बाढ़ पीड़ित परिवारों को उनके अधिकारों से वंचित ना रखा जाए। भरत भूषण तिवारी जी समाज के लिए संघर्ष करने वाले एक जागरूक और संवेदनशील व्यक्ति थे। भरत तिवारी को लेकर उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों, असहायों, दलितों और जरूरतमंद लोगों की आवाज उठाने का काम किया। कोरोना, बाढ़ जैसे प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपने सामर्थ्य से बढ़कर समाज सेवा की। उनके अनेक ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जिनमें वह प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और समाज के लोगों के साथ मिलकर जनहित के कार्य करते दिखाई देते हैं। इस पूरी घटना पर पवन सिंह ने कहा है कि इसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। घटना को लेकर अनेक प्रश्न उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि विभिन्न माध्यमों से प्रसारित जानकारी एवं वीडियो में दिखाई गई परिस्थितियां सही है तो आवश्यक है कि पूरे घटनाक्रम के निष्पक्ष पारदर्शी एवं न्यायसंगत जांच कराई जाए ताकि सत्य जनता के सामने आए।

**सीएम सम्राट चौधरी ने हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज के द्वारा मामले की जांच कराने के निर्देश दिए**



### विधिस्मत कारवाई की जाए

पवन सिंह ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को न्याय पाने का अधिकार है। कानून का शासन तभी मजबूत माना जाता है जब हर घटना की जांच निष्पक्ष रूप से हो और दोषी चाहे कोई भी हो उसके विरुद्ध विधिस्मत कारवाई की जाए। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। बिहार की सम्राट सरकार से भी बड़ी मांग की उन्होंने। उन्होंने कहा कि मैं बिहार सरकार एवं संबंधित उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग करता हूं ताकि सत्य सामने आए और न्याय सुनिश्चित हो सके। ऐसी घटनाएं समाज में अनेक सवाल खड़े करती हैं और यदि समय रहते सच्चाई सामने ना आए तो आम जनता का विश्वास प्रभावित होता है। पवन सिंह ने यह भी कहा कि उन्होंने समाज के लिए बहुत ज्यादा काम किए हैं। उनको वो विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और शोक संतप्त परिवार को असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं विपक्ष भी लगातार निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है और भारत भूषण तिवारी अमर रहे। इस तरह की नारेबाजी भी देखने को मिली।

### री-नीटः लखीसराय में कैंडिडेट्स की जगह बैठे सॉल्वर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखीसराय**

3 मई को पेपर लीक होने के बाद रविवार को नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा हुई। इस दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़े सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश हुआ। पुलिस की जांच में सामने आया है कि असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों ने 30 से 40 लाख रुपए में सौदा तय किया था। पुलिस ने इस मामले में गैंग के सरगना समेत पीएमसीएच, गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और बीएचयू के मेडिकल छात्रों सहित कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बायोमेट्रिक जांच करने वाली कंपनी के 14 कर्मचारी भी शामिल हैं। पुलिस ने राजकीय उच्च विद्यालय हसनपुर, केआरके हायर सेकेंडरी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

#### बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे थे

### 250 किमी की रफ्तार से बीएमडब्ल्यू डिवाइडर से टकराई, 2 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**



महाराष्ट्र के ठाणे में बदलापुर के पास मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा युवक घायल हो गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह पिचक गई। उसका इंजन दुर्घटना वाली जगह से करीब 30 मीटर दूर जा गिरा। पुलिस मृतकों में से एक के सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर रही है। इसमें दुर्घटना से कुछ देर पहले कार को 250किमी प्रतिघंटे तक की रफ्तार से चलाते हुए रिकॉर्डिंग की गई थी। पुलिस को शक है कि लापरवाही से गाड़ी चलाने और स्टंट करने के कारण यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान योगेश नेगी (26) और रेबेका जैकब (24) के रूप में हुई है। दोनों बांद्रा में रहते थे। बीएमडब्ल्यू मालिक अंगद का कल्याण के फोर्टिस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### डिवाइडर के दो हिस्सों के बीच जाकर रुकी

पुलिस के मुताबिक, मृतक योगेश नेगी का जन्मदिन था। शनिवार शाम को अंगद, रेबेका और योगेश ने बदलापुर (पश्चिम) में बर्थडे सेलिब्रेट किया और फिर एक्सप्रेस वे की ओर निकल पड़े। पुलिस को 9,000 रुपए का एक बिल मिला है। एक्सप्रेस वे पर गाड़ियों की आवाजाही रोकने के लिए कई जगहों पर कॉन्क्रीट बैरिकेड लगाए गए हैं। पुलिस को शक है कि तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते समय ड्राइवर ने शायद बैरिकेड से बचने की कोशिश की और कार से कंट्रोल खो दिया और बीच वाले डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के कारण कार उछल गई और डिवाइडर के दो हिस्सों के बीच जाकर रुकी।

## चोरी के शक में 8 साल की मासूम की बेरहमी से हत्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर**

ग्वालियर जिले में मानवता को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के बरा गांव में चोरी के शक में आठ वर्षीय मासूम बालिका की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपी आमीन खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बच्ची के साथ मारपीट करने की बात स्वीकार की है। घटना की क्रूरता और मासूम बच्ची के शरीर पर मिले गंभीर चोटों के निशानों ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बरा गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका के पिता मजदूरी का काम करते हैं। घटना वाले दिन वह काम पर गए हुए थे। इस दौरान बच्ची आसपास के अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। बताया जा रहा है कि खेलते-खेलते वह पड़ोस में रहने वाले आमीन खान के घर पहुंच गई। उस समय घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। आरोप है कि बच्ची ने ताले के साथ छेड़छाड़ कर घर के भीतर प्रवेश कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि घर के अंदर रखी गुल्लक में मौजूद नकदी और आमीन खान की पत्नी रेशमा खान का एक सोने का पेंडेंट गायब था। जब आमीन खान घर लौटा तो उसे सामान गायब होने की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने बच्ची का नाम लिया, जिसके बाद आमीन खान उसे अपने घर ले आया। आरोप है कि आमीन खान ने बच्ची को घर के भीतर बंधक बना लिया और उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद उसने कील लगे डंडे से बच्ची की बेरहमी से पिटाई की।

#### सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान की भारत को धमकी

## रक्षामंत्री बोले- जिस पल पानी पर खतरा लगा, हम जंग शुरू कर देंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तानी चैनल एआरवाई न्यूज से बातचीत में ख्वाजा आसिफ ने कहा, अगर हमें लगा कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है और पानी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा है तो हम निश्चित रूप से भारत के खिलाफ युद्ध करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत तेजी से पाकिस्तान के लिए पानी की उपलब्धता प्रभावित करने की कोशिश करता दिखा तो सैन्य कार्रवाई पर विचार किया जा सकता है।

अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

### भारत-पाकिस्तान के बीच का सिंधु जल समझौता क्या है?

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं– सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ।

## देश में इतिहास का दूसरा सबसे सूखा जून बीत रहा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना/भोपाल**

**सामान्य से 42% कम बारिश, राजस्थान में ओले गिरे, एमपी-यूपी में हीटवेव का अलर्ट**

देश में मानसून की बारिश के रिकॉर्ड के 126 साल के इतिहास में दूसरा सबसे सूखा जून बीत रहा है। 21 जून तक 57.4 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 42.2% कम है। इससे पहले 2009 में पूरे जून में कोटे से 49% कम बारिश रिकॉर्ड हुई थी। इससे मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में खेती पर बुरा असर पड़ा था। हालांकि, मानसून दो हफ्ते बाद अब आगे बढ़ सकता है। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बना है, जो मानसून को छत्तीसगढ़ तक पहुंचाएगा।

रविवार को मेघालय के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। खासी हिल्स जिले के मॉसिनराम में 24 घंटे में 530 मिमी बारिश दर्ज की गई। यानी एक रात में यहां जितनी बारिश हुई, उतनी जोधपुर-बीकानेर में 6 महीने में होती है।

राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को ओले गिरे। वहीं, एमपी के 5 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में लू चल सकती है।

#### एनआईए की चार्जशीट में खुलासा, खुफिया तंत्र की कमजोरी पर उठे सवाल

## पहलगाम हमला- ड्रोन से पहुंचाए गए थे हथियार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

काश्मीर के पहलगाम के बैसरन मैदान में पिछले वर्ष हुए आतंकी हमले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट ने कई अहम खुलासे किए हैं। जांच के अनुसार, सीमा पार से भेजे गए ड्रोन बारामूला जिले तक बिना पकड़े गए हथियार, गोला-बारूद और नकदी पहुंचाने में सफल रहे थे।

सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 2022 से 2024 के बीच खुफिया तंत्र में आई कमी ने आतंकियों को घाटी में बिना किसी बड़े संदेह के सक्रिय रहने का मौका दिया। अप्रैल 2025 में पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सीमा पार स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाया था।

### खेप में थे 15 लाख रुपए और चीनी ग्रेनेड

- एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, वर्ष 2024 की शुरूआत में बारामूला जिले के गोगल दारा जंगल क्षेत्र में आतंकियों को ड्रोन के जरिए हथियार और नकदी पहुंचाई गई थी। इस खेप में 20 पिस्तौल, 15 लाख रुपए नकद और त्रिकोण आकार के चीनी ग्रेनेड शामिल थे।
- जांच में सामने आया है कि आतंकवादी अब केवल नियंत्रण रेखा के पारंपरिक घुसपैठ मार्गों पर निर्भर नहीं हैं। इसके बजाय वे मानवरहित हवाई वाहन और ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा घेरों को पार कर सीधे आतंकी मॉड्यूल तक हथियार और धनराशि पहुंचाई जा सके।
- अधिकारियों का मानना है कि बारामूला का गोगल दारा जंगल ड्रोन ड्रॉपिंग के लिए एक प्रमुख स्थान बन गया था, क्योंकि यह सीमा पार से सीधे दृष्टि क्षेत्र में आता है।



## खबर एक नजर...

### योग प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**उज्जैन।** माधव सेवा न्यास द्वारा संचालित माधव मल्लखंब एवं योग केंद्र के तत्वावधान में भारत माता मंदिर परिसर में 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित योग प्रशिक्षण वर्ग का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग की उपयोगिता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर मल्लखंब के बच्चों एवं स्टाफ द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया तथा नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षण वर्ग में सहभागी सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं सहयोग के लिए माधव सेवा न्यास ने आभार व्यक्त किया।

### चल रही गूँगी हवाएँ अशोक रक्ताले फणीन्द्र के नवगीत संग्रह का लोकार्पण

**उज्जैन।** मौसम के बदलाव और बारिश रिमझिम में अशोक रक्ताले फणीन्द्र के नवगीत संग्रह चल रही गूँगी हवाएँ का लोकार्पण डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन पश्चात डॉ. अखिलेश चौरे द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। अशोक रक्ताले फणीन्द्र ने अपनी पुस्तक का परिचय प्रस्तुत किया। सारस्वत अतिथि डॉ. प्रमोद त्रिवेदी ने जहाँ पुस्तक के शीर्षक पर चर्चा की, वहीं पूर्व कुलपति सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने पुस्तक की रचनाओं और बिम्ब पर अपना पक्ष रखा। प्रयागराज से लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होने आये वरिष्ठ साहित्यकार मुख्य अतिथि सौरभ पाण्डेय ने नवगीत संग्रह पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में पुस्तक के प्रकाशक डॉ. सुदीप मिश्र एवं प्रसिद्ध मालवी कवि डॉ. शिव चौरसिया, उस्ताद शायर समर कबीर सहित डॉ. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. रामप्रकाश तिवारी, शशांक दुबे, संतोष सुपेकर, मुकेश जोशी, सुरेन्द्र सर्किट, तरुण उपाध्याय, अनिल पांचाल, राकेश चौरड़िया, मानसिंह शरद, राजेन्द्र देवधरे दर्पण, राजीव पाहवा तथा गजलांजलि साहित्यिक संस्था के सभी सदस्य एवं रक्ताले परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ कवि सुनील गाइड ने किया। कार्यक्रम समाप्ति पर आभार विनोद काबरा द्वारा ज्ञापित किया गया।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा योग शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा समाज की महानंदा नगर स्थित धर्मशाला नर्मदा मंगलम पर योग शिविर का आयोजन किया गया। समाज की योगाचार्य भारती (निशा) शर्मा की अगुवाई में आयोजित शिविर का समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती प्रतिमा शकरगाए, श्रीमती माधुरी शकरगाए एवं श्रीमती मंजुला शर्मा द्वारा मां नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। समाज अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं महिला अध्यक्ष वंदना शकरगाय द्वारा योगाचार्य भारती शर्मा एवं उनकी योगा टीम सदस्य नम्रता हरभजनका, रुचिका हरभजनका, सीमा बलसारा, अंजना तिवारी, शैली इंग्ले, स्वदेश भदोरिया, एवं सुषमा अग्रवाल का समाज की ओर से स्वागत किया। शिविर में योगाचार्य भारती शर्मा द्वारा सूर्य नमस्कार, बकासन, शीर्षासन, वृक्षासन, चक्रासन आदि कठिन आसनों को करते हुए इनसे होने वाले शारीरिक लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रुचिका हरभजनका द्वारा ध्यान सत्र में मेडिटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को भगवान महाकाल के दर्शन की अनुभूति कराई गई। ताली योग, श्वास क्रिया, ध्यान साधना आदि का अभ्यास भी योगा टीम द्वारा प्रतिभागियों को कराया गया। शिविर में बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिला एवं बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन महिला सचिव डॉ. मनीषा चौरे एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष लोकेंद्र शास्त्री द्वारा किया गया। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रमुख आशुतोष उपाध्याय द्वारा दी गई।

# बारिश में भी नहीं रुकेगी साधना, उज्जैन के चकोर पार्क में 13 लाख से बने योग भवन का लोकार्पण

### विश्व योग दिवस पर प्रभारी मंत्री ने दी सौगात, 7 साल से चल रहे निशुल्क योग शिविर के साधकों को मिलेगी सुविधा





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व योग दिवस के अवसर पर मक्सी रोड स्थित चकोर पार्क में नवनिर्मित योग भवन का लोकार्पण किया गया। लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बने इस 1700 स्क्वेयर फीट के भवन की सौगात जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने दी। इस सर्वसुविधायुक्त भवन के बनने से अब बारिश के दिनों में भी साधकों की योग साधना प्रभावित नहीं होगी। चकोर पार्क में योग साधना शिवोहम् एवं संस्था अलख उज्जयिनी द्वारा योगाचार्य महंत विजय गोस्वामी के सानिध्य में बीते 7 वर्षों से निशुल्क योग प्रशिक्षण अनवरत संचालित किया जा रहा है। बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे साधकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए, पिछले वर्ष महापौर मुकेश टटवाल और नगर पालिक निगम सभापति कलावती यादव ने इस योग भवन के निर्माण का भूमिपूजन किया था। 21 जून 2026 को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में इसका भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद सिंह खिंची, महामंत्री कमल बेरवा, माधवनगर मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, प्रभारी कल्याण शिवहरे सहित माधवनगर के सभी पार्षदगण एवं सैकड़ों की संख्या में नियमित योग साधक उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह के साथ ही विश्व योग दिवस का कार्यक्रम भी उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान योग साधना शिवोहम के नियमित योग साधकों को सम्मानित किया गया।

### श्री शिव पर्जन्य महारुद्राभिषेक आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



20 से 22 जून तीन दिवसीय, समय प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्ध आश्रम, नृसिंह घाट शिप्रा तट, उज्जैन पर श्री शिव पर्जन्य महारुद्राभिषेक किया जा रहा है। पूर्व जन्म के संचित पुण्य कर्म के फल स्वरूप हमारा जन्म तीर्थ नगरी उज्जैन में हुआ है। भौतिक कर्म के अलावा हम यहाँ अधिक से अधिक वैदिक कर्म कर परमपिता परमेश्वर की कृपा प्राप्त करने में सलग्न रहें। इसी कड़ी में श्री अखंड ब्रह्माधिपति देवाधिदेव महादेव की अनंत कृपा से चराचर जगत के पालन हेतु जीवनदायी अमृत वृष्टि की प्राप्ति हेतु विश्व कल्याणार्थ त्रिदिवसीय श्री शिव पर्जन्य महारुद्राभिषेक का विशेष अनुष्ठान अवन्तिका तीर्थ में विद्वान वेदज्ञ ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा है। वर्षा के लिए यज्ञ शुरू होते ही झमाझम बरसात शुरू हो गई। अतः धर्मप्राण जनता जर्नादन से विनम्र आग्रह है कि इस अनुष्ठान का लाभ लेने एवं आप सहपरिवार पधारकर सहस्त्रधारा में भगवान भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक कर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## आरोग्य भारती के शिविरों में 3 हजार से अधिक लोगों ने किया योग, ट्रेन में भी हुआ अभ्यास

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महानगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण टोली द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिक्षकों ने 'योग से निरोग, आओ मिलकर योग करें' का संदेश देते हुए बताया कि योग से मन और शरीर स्वस्थ रहते हैं तथा इसके नियमित अभ्यास से असाध्य बीमारियों को भी ठीक किया जा सकता है।

आरोग्य भारती ग्रामीण अध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि मुख्य रूप से अवंतिका विश्वविद्यालय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घटिया, महिदपुर हायर सेकेंडरी स्कूल, केसरपुरा माध्यमिक विद्यालय महिदपुर, रामघाट स्थित रामानुजन कोट, पाटीदार हॉस्पिटल, नागेश्वर धाम कॉलोनी और ग्राम राघव पिपलिया में योग शिविर लगाए गए। जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए आरोग्य भारती उज्जैन के संरक्षक डॉ. ओपी पालीवाल ने ट्रेन यात्रा के दौरान भी योग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योगाभ्यास कराया।

### क्षीरधारा ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम बकानिया में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्षीरधारा ग्राम योजना के अंतर्गत विकासखंड उज्जैन के ग्राम बकानिया में पशु चिकित्सा बांझपन शिविर निवारण का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुधन के स्वास्थ्य संवर्धन, प्रजनन क्षमता में सुधार तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुपालकों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. प्रीति जैन (नोडल अधिकारी, क्षीरधारा ग्राम योजना) एवं डॉ. आयुषी ठाकरे (पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, विकासखंड उज्जैन) उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने क्षीरधारा ग्राम योजना के लाभ एवं उसके आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुपालकों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पशुपालन ऋण, आचार्य विद्यासागर डेयरी योजना (अनुदान आधारित) तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर गो-संवर्धन योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बायफ, डेयरी के प्रतिनिधि प्रभात कुशवाहा ने भी डेयरी विकास एवं संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि लाखन सिंह राठौड़, उपसरपंच राधेश्याम कुमावत, भाजपा अल्पसंख्यक ग्रामीण प्रकोष्ठ के महामंत्री देवेंद्र जाट, भाजपा दलित प्रकोष्ठ के ग्रामीण कार्यकर्ता नारायण माल, दिलीप सिंह तथा रामचंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पशुपालक उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में मैत्री ईश्वर कच्छावा एवं मैत्री राधेश्याम डामेचा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रभारी एम.आई. खान (वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी) ने किया।

### प्रगतिशील साहित्य आंदोलन और निदा फाजली पर किया शोध

**उज्जैन।** उर्दू शोध अध्येता एवं ख़्यात शायरा लेखिका सुश्री शबनम अली ने प्रगतिशील लेखक संघ पर महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। तरक्की पसंद अदबी तहरीक और निदा फाजली शीर्षक से उर्दू विषय में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के उर्दू विभाग अध्यक्ष डॉ जफर महमूद के निर्देशन में अपना शोधकार्य सम्पन्न किया। उनके शोध प्रबंध पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने उन्हें पीएच.डी . की उपाधि प्रदान की है। सुश्री शबनम अली को इस उपलब्धि पर माधव कॉलेज की प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने बधाई देते हुए हुए भविष्य के लिए मंगल कामनाएं दी हैं।

### महाकाल वन मेले के विजेता वैद्य संतोष जायसवाल उज्जैन में दे रहे सेवाएं

## दशहरा मैदान में उत्कृष्ट स्टाल के लिए मिला था सम्मान, क्षीरसागर में 25 जून तक लगा शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




'समृद्ध वन, खुशहाल जन' की थीम पर दशहरा मैदान में आयोजित महाकाल वन मेला 2026 में उत्कृष्ट स्टाल निजी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले जबलपुर के नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेले में अत्यधिक भीड़ के कारण कई लोग स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित रह गए थे, जिसे देखते हुए जनता की भारी मांग पर उन्होंने उज्जैन में शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

नाड़ी परीक्षा के माध्यम से सटीक रोग निदान करने वाले संतोष जायसवाल उज्जैन में 20 से 25 जून तक प्रकाश टॉकीज के बाजू, क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित जायसवाल धर्मशाला में मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वे ओरल कैंसर जैसी गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार में भी सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। हाल ही में भोपाल में इलाज ले रहे कैंसर के एक मरीज को भी उनके उपचार से काफी राहत मिली है।

गौरतलब है कि महाकाल वन मेला मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ था।

## रूपांतरण के प्रशिक्षकों ने 16 स्थानों पर 720 साधकों को कराया योगाभ्यास

### कॉमन योग प्रोटोकॉल का कराया अभ्यास, स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उज्जैन, बड़नगर एवं महिदपुर क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इन आयोजनों में कुल 720 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें उज्जैन शहर के विभिन्न केंद्रों पर 480 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 240 साधक शामिल हुए।

इस वर्ष योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश अनुसार सभी आयु वर्ग के लोगों ने योग को केवल व्यायाम न मानकर इसे मानव चेतना, शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रूपांतरण योग केंद्र में आयोजित मुख्य सत्र में माय भारत एवं मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

शहर में इन स्थानों पर हुआ आयोजन

उज्जैन शहर में रूपांतरण योग केंद्र, बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी कार्यालय, डाक विभाग, देवासगेट, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मक्सी रोड, वाल्मीकि धाम, पिपलीनाका, भाजपा कार्यालय, राजा भाऊ महाकाल मंडल, आनंद मंगल परिसर और उदयन मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का संचालन प्रशिक्षक खुशाल चावड़ा, खुशबू शर्मा, निहारिका आसवानी, स्नेहा जादव, आयुषी ठाकुर, गरिमा गिरी, अर्पणा रॉय, आयुषी शर्मा, कुसुम सोलंकी, ज्ञानवती रैकवार, जयदीप सिंह, पंकज प्रजापति, अनुतोष नाइक, रीती शर्मा, कृति वर्मा एवं डॉ. मेनका कुरील ने किया।

### संगीत के महाकुंभ में 12-12 घंटे गूंजे सुर, 800 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

# विश्व संगीत दिवस पर कालिदास अकादमी में आयोजन, ज्योति चौधरी को मिला कला सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित दो दिवसीय 'संगीत का महाकुंभ' कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था हारमोनियम बिट्स द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में 70 संस्थाओं के 800 कलाकारों ने गायन, वादन, नृत्य और बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। दोनों दिन यह कार्यक्रम 12-12 घंटे तक अनवरत चला, जिसने शहर की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई प्रदान की।

संस्था अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस उत्सव में इस बार कलाकारों की रिकॉर्ड सहभागिता रही। यह कला का एक अनूठा समागम है, जहां संगीत और नृत्य की सभी विधाएं एक ही मंच पर जीवंत हो उठीं। शहर में इतने बड़े स्तर पर कलाकारों का जुटना एक बड़ी उपलब्धि है। इस आयोजन का सीधा प्रसारण महाकाल भक्ति चैनल पर किया गया, जिसे देश-विदेश के लाखों दर्शकों ने देखा।

मंत्री ने किया शुभारंभ, कलाकारों का हुआ सम्मान

महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रदेश के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर भागवतानंद गिरी महाराज, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे, कालिदास अकादमी के निर्देशक गोविंद गंधे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जया मिश्रा और क्लासिक बैंड मेहर की ज्योति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

समारोह में सुश्री ज्योति चौधरी को 'पांचवा विश्व संगीत सांस्कृतिक कला सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया। उन्होंने सम्मान प्राप्ति और महाकाल की नगरी आगमन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि वे यहां पहली बार आई हैं और भविष्य में भी उज्जैन आना चाहेंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रीति दीक्षित एवं कोषाध्यक्ष इंजी. मुकेश शिन्दे ने किया तथा संगीत संयोजन संस्था सचिव जयेंद्र रावल द्वारा किया गया।

## अग्रवाल विकास समिति का योग शिविर संपन्न, प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

### योग और 'श्री अन्न' से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उज्जैन अग्रवाल विकास समिति द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने योग के लाभ गिनाते हुए दिनचर्या में श्री अन्न (मिलेट्स) जैसे पौष्टिक आहार को शामिल करने पर विशेष जोर दिया।

फॉचुर्नेट योग क्लास की डायरेक्टर व योग गुरु सोनम पंचायती के मार्गदर्शन में उपस्थितजनों को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी योग क्रियाओं, आसन, प्राणायाम और सप्त चक्रीय ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें वृक्षासन और चक्रासन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किरण मित्तल, खुशबू अग्रवाल और वंश बंसल को पुरस्कृत किया गया। योगाभ्यास के बाद राजेश गर्ग बृजवासी की ओर से यौगिक अल्पाहार के रूप में मिलेट भेल, स्प्राउट्स चाट, मिक्स्ड फ्रूट और छाछ का वितरण किया गया।

समिति अध्यक्ष सुनील बी. अग्रवाल और सचिव पंकज अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव वैभव बंसल ने किया तथा आभार सांस्कृतिक सचिव अभिषेक बंसल ने माना।

आयोजन में मुख्य रूप से अनिल गोयल कप्तान, अशोक अग्रवाल मालवा, सीए संजय अग्रवाल, जगदीश गोयल फ्रेंड्स, वीरेंद्र गोयल, योगेश बजाज, राजेश अग्रवाल, कमल गर्ग, राकेश बिंदल, अरुण अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राजेश मैदवाला, एडवोकेट रवि मित्तल और शैलेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

गुरुचरणाम्बुज निर्भर भक्तः, संसारादचिराद्भव मुक्तः।
सेन्द्रियमानस नियमादेवं, द्रक्ष्यसि निज हृदयस्थं देवम्॥

**अर्थः** गुरु के चरण कमलों का ही आश्रय मानने वाले भक्त बनकर सदैव के लिए इस संसार में आवागमन से मुक्त हो जाओ, इस प्रकार मन एवं इन्द्रियों का निग्रह कर अपने हृदय में विराजमान प्रभु के दर्शन करो॥

## खबर एक नजर...

### संदिग्ध युवक बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर चढ़ा, बैग से मिलीं 18 चाबियां

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में शनिवार अलसुबह एक युवक के हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक बिल्डिंग में घुसकर चौथी मंजिल और फिर छत पर बने टावर तक पहुंच गया और पकड़े जाने के डर से आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। मामला प्रशांत सागर टाउनशिप संचार नगर का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह एक युवक बिल्डिंग परिसर में पहुंचा और कई फ्लैटों के दरवाजे चेक करने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर रहवासी राजीव साहू ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागते हुए बिल्डिंग की छत पर बने टावर पर चढ़ गया। युवक ने वहां से कूदने की धमकी देना शुरू कर दी। इसके बाद रहवासियों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाइश देकर नीचे उतारा और अपने साथ थाने ले गई। रहवासियों के मुताबिक जब युवक के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें करीब 18 चाबियां मिलीं। इससे लोगों को उस पर और संदेह हुआ। बताया जा रहा है कि जब युवक बिल्डिंग में घुसा था, उस समय सिक्योरिटी गार्ड सो रहा था, जिसके कारण उसे इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

### इंदौर में मंगेतर पर छेड़छाड़-धमकी का आरोप

**इंदौर।** हीरानगर थाना पुलिस ने निजी कंपनी में काम करने वाली 24 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी शादी की बात प्रथमेश सरोदे निवासी निसर्ग राज हाउसिंग सोसायटी ठेरगांव पुणे से हुई थी। दोनों परिवारों की सहमति से रिश्ता तय हुआ था। प्रथमेश पुणे में नौकरी करता था और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। पीड़िता ने बताया कि प्रथमेश तीन से चार बार मिलने के लिए इंदौर आया था। बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह पुणे के रेड लाइट एरिया में गया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद उसने उससे बातचीत बंद कर दी। शिकायत के मुताबिक 31 मई को प्रथमेश इंदौर स्थित उसके घर पहुंचा। उस समय घर पर युवती के माता-पिता और भाई मौजूद थे। जब उसने शादी की बात रखी तो परिवार ने इससे इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद प्रथमेश ने कहा कि शादी तो करनी पड़ेगी, नहीं तो वह परिवार में बदनाम कर देगा।

### महू के भेरू घाट पर चलती कार में आग लगी, समय रहते परिवार उतरा

**इंदौर।** इंदौर के महू अंतर्गत मानपुर थाना इलाके में आने वाले भेरू घाट पर रविवार को एक चलती ईको (एून्ज़) कार में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि कार में सवार परिवार सही वक्त पर गाड़ी से बाहर कूद गया, जिससे उनकी जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे की वजह से आगरा-मुंबई फोरलेन पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया और ट्रैफिक जाम हो गया। मानपुर थाना प्रभारी महेंद्र मकाशले ने बताया कि कार सवार परिवार महेश्वर से इंदौर की तरफ जा रहा था। जैसे ही उनकी ईको कार भेरू घाट के पास पहुंची, उसमें से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते पूरी कार आग का गोला बन गई। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और सभी लोग वक्त रहते बाहर आ गए। बीच सड़क पर धूं-धूं कर जलती कार को देखकर हाईवे पर गुजरने वाले वाहन जहां के तहां थम गए। घटना की खबर मिलते ही मानपुर पुलिस और दमकल की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं। इस हादसे के कारण आगरा-मुंबई फोरलेन पर कुछ समय के लिए गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

### पीथमपुर में फरार आरोपी और वारंटी गिरफ्तार

**इंदौर।** पीथमपुर अनुभाग पुलिस ने शनिवार रात एक विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। इस दौरान तीनों थानों और चौकियों पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे स्थाई वारंटियों और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह अभियान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक रवि सोनेर ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत पीथमपुर थाना पुलिस ने थाना प्रभारी सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने धारा 305 बीएनएस के अपराध क्रमांक 394/24 में फरार 19 वर्षीय आरोपी नवदीप (पिता राजेंद्र गोहार, निवासी उपड़ी घाटबिल्लोड, हाल मुकाम मण्डलावदा, पीथमपुर) को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, धारा 294, 323 और 506 आईपीसी के तहत लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी संतोष पिता श्रीराम बलाई (28) निवासी बलई मोहल्ला, मण्डलावदा को भी पकड़ा गया। टीम ने धारा 309 (6) बीएनएस के अपराध क्रमांक 164/2025 में वांछित स्थाई वारंटी करण पिता पूनमचंद कन्नौजे, जाति भिलाला (23) निवासी ग्राम चिकलदा, थाना कुक्षी, हाल मुकाम बगदून को भी हिरासत में लिया। अभियान के अगले चरण में सागौर थाना पुलिस ने भी थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे के नेतृत्व में कार्रवाई की। पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी और उन्हें सख्त चेतावनी दी।

---

नीट-यूजी 2026 की परीक्षा केवल सवालों की नहीं, बल्कि समय, धैर्य और दस्तावेजों की भी परीक्षा बन गई

# गूगल से गलत लोकेशन पर पहुंचे, ऐन मौके पर मिली एंट्री

## कहीं अभ्यर्थी गलत परीक्षा केंद्र पहुंच गए तो कहीं प्रवेश से कुछ मिनट पहले जरूरी दस्तावेज गायब मिलने पर छात्रों के हाथ-पांव फूल गए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नीट-यूजी 2026 की परीक्षा केवल सवालों की नहीं, बल्कि समय, धैर्य और दस्तावेजों की भी परीक्षा बन गई। कहीं अभ्यर्थी गलत परीक्षा केंद्र पहुंच गए तो कहीं प्रवेश से कुछ मिनट पहले जरूरी दस्तावेज गायब मिलने पर छात्रों के हाथ-पांव फूल गए। इंदौर में एक छात्रा तो आधार कार्ड नहीं मिलने पर इतनी घबरा गई कि कांपने लगी, लेकिन पुलिस की तत्परता से वह समय रहते परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर परीक्षा दे सकी। वहीं भोपाल में भी कोई देरी से सेंटर पर पहुंचा तो कोई गलत सेंटर पर पहुंचने से परीक्षा से वंचित हो गया। इंदौर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर में भी ऐसा ही मामला सामने आया। यहां गीता भवन इलाके में हॉस्टल में रहने वाली रिया नाम की छात्रा नीट का एग्जाम देने पहुंची। 1.30 बजे एंट्री बंद होने वाली थी।

इसके कुछ देर पहले ही एक छात्रा अपने डॉक्यूमेंट्स चेक कराने पहुंची,



तब उसे पता चला कि उसका आधार कार्ड नहीं है। आधार कार्ड नहीं होने पर उसे एंट्री नहीं मिलेगी। इस पर वह घबरा गई। वह इतना घबरा गई की वह कांपने लगी। डॉक्यूमेंट्स चेक करने वालों ने उसे पुलिस से मदद मांगने का बोला। छात्रा यहां ड्यूटी पर तैनात पलासिया थाने की सब इंस्पेक्टर अभिरुचि कनौजिया के पास पहुंची।

**गूगल से गलत लोकेशन पर पहुंचे, ऐन मौके पर मिली एंट्री-** सिलीकॉन सिटी में रहने वाली मां अपनी बेटी को एग्जाम दिलाने के लिए बाइक से निकली। उन्हें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर स्कूल आना था। मगर उन्होंने गूगल पर बाल विनय मंदिर स्कूल लोकेशन डाल दी।

गलत लोकेशन मिलने के कारण वह छात्रा के एग्जाम पहुंचने के बजाए दूसरी स्कूल पर पहुंच गई। जब उन्हें पता चला कि वे गलत पहुंच गई है और समय भी कम है तो मां तेजी से स्कूटी चलाते हुए सही एग्जाम सेंटर पहुंची और एंड वक्त पर बच्ची को एग्जाम में एंट्री मिल सकी। इसके बाद मां की आंखों से आंसू आ गए।

### माता-पिता से बात कर वॉट्सऐप पर बुलाया आधार

छात्रा की हालत देख महिला पुलिसकर्मी ने तुरंत उसकी मदद को हाथ बढ़ाया। उसने माइक पर उसकी सहेली का नाम भी पुकारा। मगर दोनों के पास मोबाइल फोन नहीं था। मोबाइल नहीं होने से उनके पास आधार कार्ड की डिटेल भी नहीं थे। दूसरी तरफ एंट्री गेट बंद होने का समय भी नजदीक आ रहा था, छात्रा की घबराहट बढ़ती जा रही थी। दूसरी महिला पुलिसकर्मी ने उसे संभाला और ढांढस बधाया। अभिरुचि ने छात्रा से पेरेंट्स का नंबर लेकर तुरंत पेरेंट्स को कॉल किया और उनसे वॉट्सऐप पर छात्रा का आधारकार्ड बुलवाया, जिसके बाद छात्रा को एग्जाम सेंटर में एंट्री मिल सकी। अभिरुचि ने बताया कि इस छात्रा के अलावा एक और अभ्यर्थी के साथ भी ऐसा ही हुआ था, उसकी भी उन्होंने मदद की। वहीं कुछ अभ्यर्थी एसजीएसआईटीएस कॉलेज के बजाए यहां एग्जाम देने पहुंच गए थे, उन्हें भी सही सेंटर पर भिजवाया।

- **एसीपी को बोला- मुझे एग्जाम सेंटर पहुंचा दो-** एग्जाम के चलते एसीपी सेंटर कोतवाली विनोद दीक्षित लगातार अपने क्षेत्र में घूम रहे थे। जब वे स्वामी विवेकानंद एग्जाम सेंटर से निकलते हुए नगर निगम चौराहे के पास पहुंचे तो एक छात्र ने उन्हें हाथ देकर रोका और बोला कि मुझे एग्जाम सेंटर पहुंचा दो, मैं परेशान हो गया हूं। दरअसल, आलीराजपुर का रहने वाला छात्र रीतेश एग्जाम देने के लिए आया था। उसका एग्जाम सेंटर एसजीएसआईटीएस था। उसे लोकेशन नहीं पता थी कि वह कहां आएगा। वह हाईकोर्ट बोलने के बजाए कोर्ट बोल रहा था और पैदल घूमते हुए एग्जाम सेंटर से दूर चला गया। एसीपी ने उसके डॉक्यूटमेंट्स देखे, जिसमें उसका एग्जाम सेंटर लिखा था। एसीपी दीक्षित ने समय गवाएं बिना तुरंत छात्र की मदद की और उसे अपनी सरकारी कार में बैठाकर समय पर एग्जाम सेंटर पहुंचाया।
- **गलत सेंटर पर पहुंच गई छात्रा, मां-बेटी को सही सेंटर पहुंचाया-** इसी तरह एसीपी जूनी इंदौर विजय चौधरी एक सेंटर पर व्यवस्थाएं चेक कर रहे थे, तभी वहां पर एक छात्रा श्रेया सिंह गलत एग्जाम सेंटर पर पहुंच गई। जब छात्रा को पता चला कि वह गलत एग्जाम सेंटर पर पहुंच गई है तो वह घबरा गई। इस पर एसीपी ने तुरंत छात्रा और उसकी मां की मदद की और अपनी सरकारी कार में बैठाया और नवीन विधि कॉलेज एग्जाम सेंटर पर पहुंचाया।
- **छात्रा बोली-लेट हो रहे हैं, तुरंत पहुंचाया एग्जाम सेंटर-** वहीं सरवटे बस स्टैंड ट्रैफिक सहायता केंद्र का दौरा कर रहे ट्रैफिक के एडिशनल डीसीपी नरेश बाबू अन्नोटिया को एक छात्रा और उसके पिता बताया कि एग्जाम सेंटर के लिए थोड़ा लेट हो रहे हैं, इस पर उन्होंने तुरंत दोनों को अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाया और उन्हें कृषि कॉलेज एग्जाम सेंटर पहुंचाया और समय पर छात्रा सेंटर पहुंच सकी।
- **भोपाल में आधार कार्ड भूलने पर नहीं मिली एंट्री-** भोपाल के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में एक छात्र नीट परीक्षा देने आया था, लेकिन वह अपना आधार कार्ड घर पर ही भूल गया। उसने मोबाइल पर आधार कार्ड की कॉपी मंगवाई, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने डिजिटल कॉपी स्वीकार नहीं की और उसे एंट्री नहीं दी।

---

एक तबादले ने उजागर की शिक्षा विभाग की बड़ी चूक

# दो साल तक पोर्टल पर चलता रहा बंद स्कूल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मप्र का स्कूल शिक्षा विभाग अक्सर अपने अजीबोगरीब कारनामों के लिए चर्चा में रहता है। अशोकनगर जिले से सामने आए एक मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जो स्कूल सालों पहले डूब क्षेत्र में आकर पूरी तरह बंद हो चुका था, उसे सरकारी रिकॉर्ड और पोर्टल पर सक्रिय दिखाकर वहां बकायदा एक शिक्षक का तबादला कर दिया।

जब पीड़ित शिक्षक ने इस अस्तित्वहीन स्कूल में जाने से मना किया, तो अधिकारियों ने अपनी गलती सुधारने के बजाय उसे परेशान करना शुरू कर दिया। यह प्रशासनिक तानाशाही तब थमी जब मामला कोर्ट और कलेक्टर की चौखट पर पहुंचा। जबकि विभाग ने दिसंबर 2025 में एक साथ 11 सरकारी और 27 निजी स्कूलों के साथ ही पगरा स्कूल को पोर्टल





से बंद किया जहां शिक्षक का ट्रांसफर किया गया था।

**शिक्षक बोलता रहा जहां भेज रहे हो वह स्कूल अस्तित्व में ही नहीं फिर भी कर दिया ट्रांसफर-** यह पूरा मामला प्राथमिक शिक्षक रामगोपाल शिवहरे से जुड़ा है, जो शासकीय प्राथमिक विद्यालय मढ़ी तूमैन (विकासखंड अशोकनगर) में पदस्थ थे। 11 दिसंबर 2023 को विभाग द्वारा जारी एक मनमाने आदेश के तहत उनका तबादला शासकीय प्राथमिक विद्यालय पगरा विकासखंड चंदेरी (डाइस कोडः 23460509701) में कर दिया।

हकीकत में शासकीय प्राथमिक विद्यालय पगरा कोई चलता हुआ स्कूल नहीं था। कम नामांकन और डूब क्षेत्र में आ जाने के कारण यह स्कूल पूरी तरह से बंद हो चुका था और धरातल पर इसका कोई वजूद ही नहीं बचा था। लेकिन विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर बैठे जिम्मेदारों ने बिना किसी भौतिक सत्यापन के इस बंद हो चुके स्कूल को जीवित दर्शा रखा था। ।

**इनकी प्रक्रिया 2 साल से चल रही थी-** 11 शालाएं शासकीय और 27 शालाएं अशासकीय थी जहां 0 नामांकन था। इन स्कूलों को बंद कर दिया था। इनकी प्रक्रिया 2 साल से चल रही थी जिसकी नोटशीट सभी बीआरसीसी ने बढ़ाई थी, डीईओ साहब के सिग्नेचर करके अस्थाई रूप से इन शालाओं को दिसंबर 2025 में बंद कर दिया। -राहुल शर्मा, डीपीसी अशोकनगर।

### पोर्टल पर चालू थे 11 सरकारी, 27 निजी स्कूल

जिले में पगरा प्राथमिक शाला अकेला ऐसा स्कूल नहीं था, जो चालू हो। जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 11 सरकारी स्कूल पूरी तरह बंद हो चुके थे, लेकिन वे सभी पोर्टल पर चालू थे। इसके पीछे बीआरसीसी द्वारा बरती जा रही ढील थी, जो काम 2 साल पहले हो जाना था उसकी फाइल अफसरों तक 2 साल बाद पहुंचाई। इसके चलते पीएस माधोपुर, एमएस एन लिधोरा, पीएस आदिवासी लिधोरा, पीएस चक महोली, पीएस पगरा, पीएस ब्रजपुरा, पीएस गोकुलपुरा चक्क, पीएस ओखारीखेड़ा, पीएस रामनगर कॉलोनी इंडोर, पीएस शीतलपुर, पीएस ओझरपुर स्कूल जो बंद हो चुके थे पोर्टल पर चालू दिखाई दे रहे थे।

---

# युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती की फोटो और मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने युवती और उसकी बहन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन पर अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय पीड़िता इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी कर रही है। वह मूल रूप से देवास जिले की रहने वाली है और इंदौर में किराए के मकान में रहती है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 4 मार्च को उसकी बहन ने उसे जानकारी दी कि उसके नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया है। इस अकाउंट पर पीड़िता का मोबाइल नंबर भी टैग किया गया था।

शिकायत के मुताबिक फर्जी अकाउंट पर पीड़िता और उसकी बहन की तस्वीरें अपलोड की गईं और उनके साथ अश्लील व आपत्तिजनक कमेंट किए गए। जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने अकाउंट के बारे में पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी की पहचान नहीं हो सकी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी करीब तीन महीने से इस अकाउंट के जरिए अश्लील फोटो और पोस्ट अपलोड कर रहा था। इससे उसकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है और परिवार व परिचितों के बीच बदनामी का सामना करना पड़ रहा है।

---

# पुराने विवाद को लेकर दो जगह चाकूबाजी

## भाई को बचाने आए युवक को भी मारा, बयान बदलने-राजीनामा करने का बना रहे थे दबाव

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में पुराने विवाद को लेकर एक युवक और उसके भाई पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी अपने साथियों के साथ घर पहुंचा और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार निरंजनपुर निवासी प्रदीप राजोरे (28) ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि करीब दो साल पहले उसका लखन खोरे से विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत खजराना थाने में भी दर्ज कराई गई थी।

फरियादी के मुताबिक रात में लखन खोरे अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब प्रदीप और उसके भाई विकास ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रदीप मजदूरी का काम करता है।

**चाकू से किए कई वार, भाई गंभीर घायल-** आरोप है कि लखन खोरे ने चाकू निकालकर विकास पर हमला कर दिया। हमले में चाकू के करीब आधा दर्जन वार किए गए, जिससे विकास के पेट, पीठ और जांघ में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रदीप को भी चाकू से सिर पर चोट पहुंचाई गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल विकास को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी खजराना थाने में दर्ज पुराने मामले में समझौता करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर मामले की जांच कर रही है।

**कोर्ट में गवाही बदलने का बना रहे थे दबाव-** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने और उसकी कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाश युवक पर कोर्ट में बयान बदलने और पुराने मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नई बस्ती, भागीरथपुरा निवासी रवि विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे वह अपनी गाड़ी लेने के लिए बाबू मार्केट, भागीरथपुरा पहुंचा था। इसी दौरान विकाश यादव, गोलू शर्मा, बबुआ यादव और अम्मू खटीक बाइक से वहां पहुंचे।

---

# अभिभाषक संघ चुनावः आज नाम वापसी का अंतिम दिन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव को अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। सोमवार 22 जून को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चुनावी मुकाबले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

**मैदान में बने हुए हैं 53 दावेदार, 25 जून को मतदान**



संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी पदों के लिए कुल 53 अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किए हैं। 25 जून को मतदान होगा और उसी दिन शाम से मतगणना शुरू कर देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय मेहरा के अनुसार सभी नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है और किसी भी आवेदन में कोई त्रुटि नहीं पाई गई। अब सभी की निगाहें नामांकन वापसी की प्रक्रिया पर टिकी हैं, क्योंकि इसके बाद ही चुनावी समीकरण स्पष्ट होंगे।

**प्रचार में सोशल मीडिया की बढ़ी भूमिका-** चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद कोर्ट परिसर में पोस्टर, बैनर, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। आचार संहिता के पालन की निगरानी के लिए विशेष समिति भी गठित की गई है।

प्रतिबंधों के चलते उम्मीदवार अब सोशल मीडिया, व्हाट्सएप समूहों और व्यक्तिगत जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। न्यायालयीन कार्य शुरू होने के साथ ही कोर्ट परिसर में चुनावी चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

**सुविधाओं के मुद्दे पर होगी अगली कार्यकारिणी की परीक्षा-** चुनाव के बीच वकीलों की सबसे बड़ी अपेक्षा कोर्ट परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सुधार को लेकर है। वकीलों का मानना है कि नई कार्यकारिणी को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग, लाइब्रेरी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। यही मुद्दे इस चुनाव में मतदाताओं के निर्णय को भी प्रभावित कर सकते हैं।

---

छोटे भवनों के नक्शों को बिना दफ्तरों के चक्कर काटे 24 घंटे में मंजूरी देने के लिए शुरू की गई नगर निगम की डीम्ड अप्रूवल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए

# एक महीने में 300 नक्शों की जांच, 24 में कम फीस देकर मिली मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

छोटे भवनों के नक्शों को बिना दफ्तरों के चक्कर काटे 24 घंटे में मंजूरी देने के लिए शुरू की गई नगर निगम की डीम्ड अप्रूवल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम की भवन शाखा ने जब पिछले एक महीने में पास हुए 300 नक्शों की स्क्रूटनी की, तो एक बड़ा मामला उजागर हुआ। जांच में 24 केस ऐसे मिले, जिनमें तय फीस से 8 से 10 हजार रुपए कम जमा करके नक्शे पास करवा लिए गए।

मामला पकड़ में आते ही निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। निगम ने तुरंत संबंधित



भवन मालिकों और फजीर्वाड़ा करने वाले लाइसेंसधारी कंसल्टेंट्स को नोटिस थमा दिए। अब इस सिस्टम से पास हुए पुराने सभी नक्शों की जांच होगी। अधिकारियों के मुताबिक, डीम्ड अप्रूवल व्यवस्था के तहत इसमें आवेदक अपने अधिकृत आर्किटेक्ट या इंजीनियर के जरिए नक्शा पोर्टल पर अपलोड करता है। सॉफ्टवेयर खुद ही नियमों के आधार पर तकनीकी टेस्ट करता है और तय समय में मंजूरी दे देता है। चूंकि इस पूरी प्रोसेस में निगम के अधिकारियों की मैनुअल जांच नहीं होती, संभवतः इसका फायदा उठाया गया। इस व्यवस्था में कुछ मामलों में तय शुल्क और पेमेंट में बीच अंतर मिला है।

**पुराने मामलों की होगी जांच-** मामले में भवन शाखा के अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि समीक्षा के बाद कुछ मामलों में गड़बड़ी मिली है। निर्धारित शुल्क और जमा राशि में अंतर मिला है। इसे देखते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किए है और पुराने मामलों की भी जांच कराएंगे।

### एरिया बेस्ट डेवलपमेंट एरिया में भी हुआ था खेल

यह पहली बार नहीं है जब इस सिस्टम का दुरुपयोग हुआ है। इससे पहले एरिया बेस्ड डेवलपमेंट (एबीडी) यानी स्मार्ट सिटी क्षेत्र में भी ऐसा ही खेल सामने आया था। नियमों के मुताबिक, एबीडी क्षेत्र का भवन अनुमति शुल्क सामान्य इलाकों से ज्यादा है, इसलिए वहां डीम्ड अप्रूवल लागू ही नहीं होता। इसके बावजूद तकनीकी खामी का फायदा उठाकर कई लोगों ने ऑनलाइन नक्शे पास करा लिए थे, जिसकी निगम को दोबारा समीक्षा करनी पड़ी थी।

# कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मूः चीता कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भ्रमण किया, संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्योरपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार दोपहर दो दिवसीय प्रवास पर कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। कूनो पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने सबसे पहले चीता कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने चीता परियोजना की प्रगति पर आधारित प्रदर्शनी देखी तथा चीतों की निगरानी, ट्रैकिंग और संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

अधिका रियों ने उन्हें बताया कि वर्तमान में देश में 52 चीते हैं, जिनमें से 49 कूनो में और तीन गांध सागर अभया रण्य में हैं। कमांड सेंटर के अवलोकन के बाद राष्ट्रपति ने नदी किनारे के हिस्से और बाड़ा क्षेत्र में चीता सफारी की तथा अधिका रियों से कूनो के इतिहास, चीता पुनर्स्थापना और संरक्षण प्रबंधन की जानकारी ली। राष्ट्रपति कूनो नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम करेंगी। बोत्सवाना से लाए गए 8 चीते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बोत्सवाना दौरे के दौरान वहां की सरकार ने सांकेतिक रूप से सौंपे थे। रविवार को कूनो में प्रदर्शनी देखते समय जब इन चीतों का जिक्र आया तो राष्ट्रपति ने कहा, ₹हां, इन्हें हमने ही रिसीव किया था। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश की 65% युवा आबादी को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए सत्य, अहिंसा व परोपकार जैसे भारतीय मूल्यों को अपनाने की सीख दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने 20 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विजय दत्त श्रीधर को कला संकाय में मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

## योग का महाकुंभः 70 स्थानों पर 5000 सूर्य नमस्कार

हरदा` विश्व योग दिवस पर हरदा जिले में जन अभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखंड हरदा, टिमरनी, खिरकिया में नवांकुर समितियों के जरिए भव्य योग कार्यक्रम हुए। जिले की 70 प्रस्फुटन समितियों ने एक साथ 5000 सूर्य नमस्कार किए। ग्रामीण अंचलों में योग का संदेश दिया गया। हर विकासखंड के पांच सेक्टरों में करीब 1000-1000 सूर्य नमस्कार का अभ्यास हुआ। माहौल ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक पहुंचे। सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। नवांकुर सदस्यों की भागीदारी रही। जिला समन्वयक संदीप गौहर ने कहा, योग शरीर और मन को संतुलित करने का सशक्त माध्यम है। स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह अहम कदम है। कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी। सहभागिता में भी वृद्धि दर्ज की गई। कार्यक्रम को व्यापक सफलता मिली। सराहना भी मिली।

# सुनवाई नहीं, एनजीटी के आदेश की अवहेलना, रोक लगाने के बाद भी माफिया अवैध खनन कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना



पिपरौदा खुर्द के ललुआटोरा में नियमों को ताक पर रखकर 18 फीट की जगह 150 से 250 फीट तक गहरी पत्थर खदानें खोद दी गई हैं। लगातार हो रही ब्लास्टिंग से आस्था के केंद्र हठीले हनुमान मंदिर में दरारें आ रही हैं।

एनजीटी द्वारा लीज निरस्त करने व फेंसिंग के निदेशों के बावजूद यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इसी क्षेत्र में 24 सितंबर 2016 को खदान में डूबने से 7 बच्चों की मौत हुई थी। अप्रैल 2017 में पुजारी देवेंद्र प्रकाश भार्गव द्वारा हनुमानजी की ओर से दायर एनजीटी याचिका के बाद भी अवैध खनन जारी है। इस मामले में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया, वहीं कलेक्टर किशोर कन्याल ने एनजीटी के आदेशों की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की बात कही है।

### 48 लाख लोगों की मुफ्त रजिस्ट्री कराने अध्यादेश लाई सरकार

# कपास पर मंडी शुल्क कम करने और सामान्य शुल्क बढ़ाने का भी आदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्वामित्व योजना में 48 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त में रजिस्ट्री कराने राज्य सरकार ने पंचायत उपकर और पंजीयन शुल्क माफ करने का अध्यादेश जारी कर दिया है। इसके लिए विधानसभा में दोनों ही विभागों से संबंधित मामलों में विधेयक भी सरकार मानसून सत्र के दौरान ला सकती है।

इसके साथ ही 9 जून को कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर कपास पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से घटाकर 0.50 प्रतिशत करने और मंडी में लगने वाले सामान्य शुल्क को एक से 1.50 प्रतिशत करने का नोटिफिकेशन भी सरकार ने जारी कर दिया है।

मोहन यादव सरकार ने 2 जून को हुई कैबिनेट बैठक में 'स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026' के अंतर्गत स्टॉम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क को पूरी तरह माफ करने का फैसला किया है। इससे सरकार पर 3800 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आने वाला है।

इस निर्णय पर अमल के लिए राज्य सरकार के पंजीयन और पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने अलग-अलग अध्यादेश के नोटिफिकशन जारी कर दिए हैं। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत उपकर के रूप में ली जाने वाली राशि ऐसे मामलों में माफ किए जाने और पंजीयन विभाग ने पंजीयन व मुद्रांक शुल्क माफ किए जाने का नोटिफिकेशन किया है।

# शिक्षक का स्कूल परिसर में बंदूक लहराते वीडियो वायरलःबंदूक लेकर पहुंचा शिक्षक,

### रंगबाजी दिखाने निशाना लगाने के पोज दिए




ब्रह्मास्त्र ▸▸ राघौगढ़

राघौगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल धरनावदा में पदस्थ शिक्षक विनोद साहू का स्कूल परिसर में बंदूक लहराते वीडियो वायरल हो रहा है। आरोप है कि शिक्षक द्वारा स्कूल समय के दौरान हथियार का प्रदर्शन कर छात्रों एवं स्टाफ में भय का माहौल बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल में वरिष्ठों पर खौफ बनाने के लिए शिक्षक आए दिन बंदूक लेकर पहुंचते हैं।

वायरल वीडियो में शिक्षक विनोद साहू स्कूल के बाहर रायफल लिए खड़े दिखाई दे रहे हैं। पहले अकेले खड़े वे यहां-वहां निशाना साधते हुए दिखते हैं। इसके बाद कुछ और लोग आते हैं। इसी दौरान स्कूल की प्रिंसिपल भी वहां से गुजरती हैं और विनोद साहू बंदूक लहराते नजर आते हैं। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि शिक्षक के स्कूल में बंदूक लाने का मामला संज्ञान में आने के बाद उन्हें नोटिस दिया गया। विनोद साहू ने नोटिस लेने से ही इनकार कर दिया और उसका फोटो खींच कर रख लिया। पूरा मामला विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया था, लेकिन उनके द्वारा भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## खरगोन में किसान टैंकर से पानी डाल कर रहे सिंचाई

खरगोन जिले में बारिश की कमी के कारण फसलों पर संकट गहरा गया है। टांडाबरुड क्षेत्र में गर्मी की मिर्च फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे 20 कुएं पूरी तरह सूख चुके हैं और 50 से अधिक कुओं में पानी कम हो गया है। किसान मुरझाती फसलों को बचाने के लिए टैंकरों से पानी डालकर सिंचाई कर रहे हैं। देवली के किसान राकेश कोचले ने डेढ़ एकड़ में मिर्च की फसल लगाई है। लगभग एक महीने की इस फसल पर अब तक 50 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं। जिस कुएं के भरोसे सिंचाई की जानी थी, वह सूख गया है।

# 38 लाख की मिट्‌टी परीक्षण लैब पर बीते सात साल से कब्जाधारी की गृहस्थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बदरवास\शिवपुरी

प्रशासन भले ही सरकारी जमीनों और भवनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के दावे करता हो, लेकिन कोलारस और बदरवास में उसके अपने दो सरकारी भवन ही कब्जे से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं।

बदरवास तहसील कार्यालय के पीछे बनी 38 लाख रुपए की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला पर पिछले सात साल से एक परिवार का कब्जा है। वहीं कोलारस के ग्राम सेसईखुर्द की सरकारी आंगनबाड़ी पर छह साल से एक दबंग ने ताला लगा रखा है, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कल्लू कोली ने बताया कि कब्जाधारी आपराधिक प्रवृत्ति का है। विभाग ने कई बार भवन खाली कराने की कोशिश की, लेकिन वह झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। इस संबंध में राजस्व विभाग को कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उधर, जिला परियोजना अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि मामले की जानकारी मिलने पर फाइल मंगाई गई है और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एफआईआर कराएं, कार्रवाई होगी

मृदा परीक्षण प्रयोगशाला वाले मामले में संबंधित विभाग को थाने में एफआईआर दर्ज करानी चाहिए, क्योंकि उनके भवन पर किसी ने कब्जा किया है। वही आंगनबाड़ी वाले मामले मैं कल ही सीडीपीओ को बुलाकर मामले की समझता हूं, कार्रवाई होगी।

**अनूप श्रीवास्तव, एसडीएम कोलारस**



### सेसईखुर्द में दबंग ने बदला आंगनबाड़ी केंद्र का नक्शा, कार्यकर्ता के घर से चला रही केंद्र

### 1. मंडी बोर्ड ने कृषि विभाग को बनाकर दी थी लैब, शुरू होने से पहले ही सज गई रसोई


बदरवास तहसील कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर वर्ष 2018 में मंडी बोर्ड ने कृषि विभाग के लिए 38 लाख रुपए की लागत से आधुनिक मृदा परीक्षण प्रयोगशाला (सॉइल टेस्टिंग लैब) का निर्माण कराया था। निर्माण के वक्त जिस गोपाल मांझी का अतिक्रमण हटाया गया था, उसने भवन तैयार होते ही दोबारा अपने पूरे परिवार के साथ उस पर कब्जा कर लिया।

### 2. कोरोना में आंधी आई तो आंगनबाड़ी पर ही ठोक दिया कब्जा, अब बदल दिया नक्शा

कोलारस के ग्राम सेसईखुर्द में संचालित हो रहे शासकीय आंगनवाड़ी भवन की कहानी भी चौंकाने वाली है। साल 2020 कोरोना काल में आई एक तेज आंधी में गांव के महिपाल यादव के मकान का टीनशेड उड़ गया। यादव ने आंगनवाड़ी भवन का ताला तोड़कर अपनी गृहस्थी वहां जमा ली। उस समय कार्यकर्ता नरेश शर्मा गांव से बाहर थीं।

# सिर्फ बीमारी छिपाई कहकर नहीं बचेंगी बीमा कंपनियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



अब बीमा कंपनियां केवल यह कहकर क्लेम खारिज नहीं कर सकेंगी कि बीमित व्यक्ति ने अपनी पुरानी बीमारी छिपाई है। उपभोक्ता आयोग ने साफ कर दिया है कि ऐसे मामलों में आरोप लगाने वाली बीमा कंपनी को ठोस सबूत भी पेश करने होंगे, अन्यथा क्लेम रोकना ह्यसेवा में कमीह्न माना जाएगा। उपभोक्ता कानून के तहत केवल आरोप लगाना पर्याप्त नहीं है। कंपनी को दस्तावेजी साक्ष्य के साथ यह साबित करना होता है कि बीमारी पहले से मौजूद थी और उसे जानबूझकर छिपाया गया।

बीमा दावा खारिज करने के मामलों में कंपनियों की मनमानी पर भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। भोपाल उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग (बेंच-2) ने चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को फटकार लगाते हुए उपभोक्ता को 1.63 लाख रुपए का क्लेम 7% ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया है। साथ ही मानसिक और आर्थिक क्षति के लिए मुआवजा और वाद व्यय भी देने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि आयोग ने यह फैसला हाल ही में सुनाया है।

परिवादी ने अस्पताल में भर्ती होने की सूचना तत्काल बीमा कंपनी को दी और सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ क्लेम भी प्रस्तुत किया। इसके बावजूद कंपनी ने लंबे समय तक क्लेम पर कोई निर्णय नहीं लिया। कई बार फोन और व्यक्तिगत संपर्क करने के बाद भी कंपनी ने भुगतान नहीं किया।

बीमा कंपनी ने 27 जुलाई 2022 को पत्र जारी कर दावा यह कहते हुए खारिज कर दिया कि प्रस्तुत दस्तावेज गलत और मनगढ़ंत हैं। कंपनी ने यह भी आरोप लगाया कि बीमित ने पॉलिसी लेते समय अपनी पुरानी बीमारी छिपाई थी, जो नियमों का उल्लंघन है।

क्लेम खारिज होने के बाद परिवादी ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने 1.63 लाख रुपए की क्लेम राशि के साथ 18% ब्याज, 2 लाख रुपए क्षतिपूर्ति और 20 हजार रुपए वाद व्यय की मांग की। उनका कहना था कि उन्होंने कोई जानकारी नहीं छिपाई और कंपनी ने गलत तरीके से दावा निरस्त किया।

### क्या था पूरा मामला

देवास निवासी नसरुद्दीन खान ने वर्ष 2020 में चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से ह्यआरोग्य संजीवनीह्न पॉलिसी ली थी, जिसकी अवधि 29 जुलाई 2020 से 28 जुलाई 2021 तक थी। इस पॉलिसी के लिए उन्होंने 4554 रुपए का प्रीमियम जमा किया था। बीमा अवधि के दौरान 12 जून 2021 को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें भोपाल के फ्यूचर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां 7 दिन इलाज चला और कुल 1,63,156 रुपए का खर्च आया।

# जबलपुर समेत मप्र के 5 जिलों में हीटवेव का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में 26 जून तक हीटवेव (लू), गर्मी और आंधी-बारिश वाला मौसम रहेगा। मानसून के नहीं आने और प्री-मानसून की एक्टिविटी कम होने से उमस-गर्मी बढ़ी है। पिछले 2 दिन से जबलपुर संभाग में लू का असर भी है। मौसम केंद्र भोपाल ने अगले 4 दिन तक जबलपुर, रीवा और सागर संभाग के जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, उमरिया और डिंडौरी में दिन में गर्म हवाएं चलेंगी, जबकि शाम के बाद आंधी-बारिश होने का अनुमान है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, गुना, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, सीहोर, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में गर्मी का असर रहने का अनुमान है। इन जिलों में आज बारिश हीटवेव-गर्मी के बीच 21 से अधिक जिलों में आंधी-बारिश वाला मौसम भी रहेगा। झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बड़वानी, निवाड़ी, टीकमगढ़, अनूपपुर, कटनी, दमोह, सागर, विदिशा और अशोकनगर में तेज आंधी का अलर्ट है।

## खबर एक नजर...

### कैबिनेट विस्तार में 5 नए विधायक बन सकते हैं मंत्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार पहले बड़े मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की तैयारी में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दैनिक भास्कर से बातचीत में संकेत दिए कि विधानसभा के मानसून सत्र के बाद बदलाव संभव है। नए मंत्रिमंडल में युवाओं को प्राथमिकता मिल सकती है, जबकि अनुभवी नेताओं को भी महत्व दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार 5-6 मंत्रियों को हटाकर 7-8 नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल फेरबदल का मुख्य आधार मंत्रियों का कामकाज रहेगा। अंतिम निर्णय पार्टी संगठन और केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मंत्रियों व विधायकों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा होती है, जिसमें शीर्ष नेतृत्व के सुझाव भी शामिल रहते हैं।

### एमपी में हर 8 घंटे में करंट से जा रही एक जान, फिर भी नहीं जाग रहा प्रशासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एमपी में मानसून जितनी सुस्ती से आ रहा है, सुरक्षा इंतजामों में भी उतनी ही सुस्ती देखने को मिल रही है। सड़कों पर गड्ढों और जलभराव के साथ बिजली के खंभों से लटकते तार भी लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। राजधानी में मार्केट हो, कॉलोनी हो या मुख्य सड़क, हर जगह तारों का जाल फैला हुआ है। मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (टढएफ्ळ) की चेतावनी का असर भी मानो इन तारों में उलझकर रह गया है और प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रहा। मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 1,963 विद्युत दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,102 लोगों और 1,492 पशुओं की मौत हुई, जबकि 329 लोग घायल हुए। यानि मध्यप्रदेश में औसतन हर दिन 3 लोगों और हर 8 घंटे में एक व्यक्ति की जान करंट लगने से जा रही है।

### जेसीबी से फूटी पाइप लाइन, नाली बनाने खोदा गड्ढा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में टंकी चौराहा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर करीब 12 बजे नाली निर्माण कार्य के दौरान नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। यह घटना ऐसे समय हुई है जब जिले में मानसून की देरी के कारण जल संकट की आशंका बनी हुई है। पेयजल की इस बबार्दी से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, सड़क के दोनों ओर नालियां बनाने के लिए खुदाई का कार्य चल रहा है। ठेकेदार की ओर से जेसीबी से की गई खुदाई के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पालिका अधिकारियों ने ठेकेदार को पहले भी सावधानी बरतने और पाइपलाइन की लोकेशन देखकर खुदाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद बार-बार पाइपलाइन फूटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाइपलाइन सुधार कार्य शुरू किया। यदि समय पर मरम्मत नहीं होती है, तो आदर्श कॉलोनी, महुपुरा और टंकी चौराहा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। नगर पालिका परिषद के जलकर सभापति प्रेम यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया है और पाइपलाइन सुधारने का कार्य जारी है।

### देवास जिला अस्पताल पर पौने2 लाख का जुमार्ना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास में एमजी अस्पताल पर नगर निगम ने रुपए 1.75 लाख का जुमार्ना लगाया है। यह कार्रवाई मेडिकल वेस्ट के निपटान में लापरवाही और इसे सामान्य कचरा संग्रहण वाहन में बार-बार मिलाकर डालने पर की गई है। नगर निगम ने इसे स्वच्छता नियमों का उल्लंघन और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट की लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी जांच के दौरान एमजी अस्पताल द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में मेडिकल वेस्ट मिलाकर डालने का मामला सामने आया। मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने अस्पताल के खिलाफ यह चालानी कार्रवाई की।

निगम अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल को अलग-अलग समय पर कुल पांच चालान नोटिस जारी किए गए थे। इनमें तीन बार 25-25 हजार रुपए और दो बार 50-50 रुपए हजार के चालान शामिल थे। अस्पताल प्रबंधन ने अब तक 1.50 लाख रुपए की राशि जमा कर दी है, जबकि शेष राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गीले-सूखे कचरे के साथ अस्पतालों से निकलने वाले बायो-मेडिकल वेस्ट के निपटान की विशेष जांच की थी। इस जांच के दौरान भी एमजी अस्पताल का मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला हुआ पाया गया था, जिस पर पहले 50 हजार रुपए का चालान किया गया था। अस्पताल द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार न करने और दोबारा मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे में मिलाकर डालने पर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए जुमार्ने की राशि बढ़ाई। इस कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते भी मौजूद थे।

### 3 मुद्दों पर अभी भी पेंच फंसा

# लेबनान में हमला रुका तभी अमेरिका से बातचीत करेंगे, स्विट्जरलैंड में पहले दौर की मीटिंग खत्म




## दावा-ट्रम्प की धमकी के बाद बातचीत छोड़कर निकले ईरानी अधिकारी

स्विट्जरलैंड में रविवार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दौरान तनाव बढ़ गया है। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकियों से नाराज होकर ईरानी टीम ने बातचीत बंद कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत शुरू होने से पहले दोनों पक्षों के बीच हाथ मिलाने और जॉइंट फोटो सेशन की योजना बनी थी। लेकिन ईरान के मुख्य वातार्कार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ की टीम ने इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि वह लेबनान में अपने सहयोगी हिजबुल्लाह को तुरंत रोके। उन्होंने कहा कि अगर हिजबुल्लाह ने परेशानी पैदा करना जारी रखा तो अमेरिका फिर से ईरान पर हमला करेगा।

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान**

ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच रविवार को स्विट्जरलैंड में करीब 80 मिनट तक बातचीत हुई। दोनों देश 60 दिन के युद्धविराम को स्थायी शांति समझौते में बदलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पहली ही बैठक में दोनों पक्षों के बीच बड़े मतभेद सामने आ गए।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान ने कहा कि आगे की बातचीत तभी संभव है जब इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष पूरी तरह खत्म हो। फिलहाल यह साफ नहीं है कि दोनों पक्षों की अगली बैठक कब होगी। बातचीत में पाकिस्तान और कतर के अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

बीबीसी ने अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि, बातचीत में 3 अहम मुद्दों पर पेंच फंसा रहा। इनमें होर्मुज को फिर से पूरी तरह खोलने को लेकर ईरान के अलग-अलग बयानों को स्पष्ट करना, दक्षिणी लेबनान में सीजफायर लागू कराना और परमाणु समझौते से जुड़ी बातें शामिल थीं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर उसने लेबनान में हिजबुल्लाह को नहीं रोका तो अमेरिका फिर से उस पर हमला कर सकता है। ईरान ने इस चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी भी संघर्ष के लिए तैयार है।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान लेबनान में अपने समर्थक हिजबुल्लाह को तुरंत रोके। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर अमेरिका पिछले हफ्ते से भी ज्यादा सख्त कार्रवाई करेगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है। उनके मुताबिक, दोनों देश मिलकर शांति और समृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं और ट्रम्प अगले 10 साल में पश्चिम एशिया की तस्वीर बदलना चाहते हैं।

ईरान के होर्मुज स्ट्रेट बंद करने के दावे के बावजूद अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि समुद्री यातायात जारी है। अमेरिका ने वैकल्पिक मार्ग भी खोला है और जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 2 मार्च से अब तक 4,106 लोगों की मौत और 12,153 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइली सेना प्रमुख इयाल जमीर ने कहा कि हिजबुल्लाह के साथ लड़ाई दोबारा शुरू हो सकती है।

### ईरान का दावा- कतर में फंसे 6 अरब डॉलर मिलेंगे

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए शुरूआती समझौते के तहत कतर में जमा ईरान के 6 अरब डॉलर वापस मिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि समझौते की शर्तें तेहरान के पक्ष में हैं।

### ट्रम्प ने अपना नया विमान 'एयरफोर्स-1' दिखाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को नया एयरफोर्स वन विमान दिखाया। यह विमान पहले कतर सरकार के पास था। पिछले साल मई में कतर ने बोइंग 747 का यह आधुनिक मॉडल ट्रम्प को उपहार में दिया था। बाद में इसे अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान के रूप में तैयार किया गया। मैरीलैंड के जॉइंट बेस एंड्रयूज में ट्रम्प ने इस विमान को दुनिया का सबसे शानदार राष्ट्रपति विमान बताया। उन्होंने कहा, ₹इस विमान को उड़ते हुए व्हाइट हाउस की तरह बनाया गया है। इतनी लग्जरी शायद दुनिया ने पहले कभी नहीं देखी होगी।

## सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान की भारत को धमकी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तानी चैनल एआरवाई न्यूज से बातचीत में ख्वाजा आसिफ ने कहा, अगर हमें लगा कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है और पानी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा है तो हम निश्चित रूप से भारत के खिलाफ युद्ध करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत तेजी से पाकिस्तान के लिए पानी की उपलब्धता प्रभावित करने की कोशिश करता दिखा तो सैन्य कार्रवाई पर विचार किया जा सकता है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।

## ट्रम्प का दावा- ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर इस्तीफा देंगे



### रिपोर्ट- पार्टी के 100 सांसद खिलाफ; 10 साल में 5 पीएम ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर इस्तीफा देंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्टार्मर इमिग्रेशन और ऊर्जा जैसे दो अहम मुद्दों पर विफल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि स्टार्मर जल्द पद छोड़ देंगे।

इस बीच, ब्रिटिश अखबार द ऑब्जर्वर की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टार्मर सोमवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं और पद छोड़ने का रोडमैप भी पेश कर सकते हैं। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि स्टार्मर अभी भी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं।

रॉयटर्स के मुताबिक, लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद सार्वजनिक रूप से उनके इस्तीफे या पद छोड़ने की समयसीमा की मांग कर चुके हैं। अगर स्टार्मर पद छोड़ते हैं, तो वे पिछले 10 साल में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले छठे ब्रिटिश प्रधानमंत्री होंगे। उनसे पहले डेविड कैमरन, थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक भी बीच कार्यकाल में पद छोड़ चुके हैं।

### ट्रम्प ने भी स्टार्मर के पद छोड़ने के दावा किया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी दावा किया है कि स्टार्मर अपने पद से इस्तीफा देंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्टार्मर की इमिग्रेशन और ऊर्जा नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वे इन दोनों मुद्दों पर बुरी तरह विफल रहे हैं।

### स्टार्मर पर पद छोड़ने का दबाव क्यों बढ़ा

स्टार्मर ने 2024 में लेबर पार्टी को बड़ी चुनावी जीत दिलाई थी, लेकिन उसके बाद उनकी लोकप्रियता लगातार घटी है। कई विवादों, नीतिगत यू-टर्न और जीवनस्तर में सुधार के वादों को पूरा नहीं कर पाने की वजह से उनकी इमेज को नुकसान पहुंचा।

स्टार्मर की मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब उनके विरोधी एंडी बर्नहैम ने शुक्रवार को उपचुनाव जीत लिया। इस जीत के बाद बर्नहैम पार्टी की कमान संभालने की दावेदारी पेश कर सकते हैं। जीत के बाद बर्नहैम ने कहा कि वह देश को नई दिशा देना चाहते हैं। बर्नहैम के सहयोगी स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने भी संकेत दिया कि वह जरूरत पड़ने पर स्टार्मर को नेतृत्व के लिए चुनौती दे सकते हैं। हालांकि, स्टार्मर ने 19 जून को साफ कहा था कि मैं अपने नेतृत्व के खिलाफ आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करूंगा। साथ ही लेबर पार्टी के नेताओं से आपसी खींचतान से बचने की अपील की थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बार-बार बदलने की बड़ी वजह वहां की संसदीय व्यवस्था है। वहां प्रधानमंत्री को लोग सीधे नहीं चुनते, बल्कि उनकी पार्टी के सांसद उनका समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री तब तक पद पर बने रहते हैं, जब तक पार्टी के सांसद उनके साथ खड़े हों।

# सियाचिन से समुद्र तक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक दृढ़ता को लेकर दोहराई प्रतिबद्धता


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊजार्वान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए। दिल्ली में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि योग मानसिक जागरूकता बढ़ाता है, मन को शांत रखता है और लंबे समय तक काम करने की ऊर्जा देता है।





शिलांग में राजनाथ


लद्दाख में आईटीबीपी के जवान.


झांसी में योगी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मध्य प्रदेश में जगह-जगह सामूहिक योग किए गए। जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने योग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।


जबलपुर में राष्ट्रपति



आईएनएस सातवाहन के जवान


मुंबई में फडणवीस



ठाणे में शिंदे


सियाचिन में जवान


राजकोट में योग.


संसद भवन परिसर में बिड़ला


दिल्ली में बच्चे के साथ मां


दिल्ली में राज्य उपसभापति


श्रीनगर में जोश


मेरठ में सेना के जवान

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 22 जून, 2026

## सुभाषितानि

भजगोविन्दं भजगोविन्दं, गोविन्दं भजमूढमते।
नामस्मरणादन्यमुपायं, नहि पश्यामो भवतरणे॥

**भावार्थ** : गोविंद को भजो, गोविन्द का नाम लो, गोविन्द से प्रेम करो क्योंकि भगवान के नाम जप के अतिरिक्त इस भव-सागर से पार जाने का अन्य कोई मार्ग नहीं है।

मूढः कश्चन वैयाकरणो, डुकृङ्करणाध्ययन धुरिणः।
श्रीमच्छम्कर भगवच्छिष्यै, बोधित आसिच्छोधितकरणः॥

**भावार्थ** : इस प्रकार व्याकरण के नियमों को कंठस्थ करते हुए किसी मोहित वैयाकरण के माध्यम से बुद्धिमान श्री भगवान शंकर के शिष्य बोध प्राप्त करने के लिए प्रेरित किये गए।

## फिट्मेण्ट् कारकं २.६४ इत्यस्य परिधितः स्थापयितुं शक्नोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

फिटमेण्ट् कारकं कार्यान्वितुं सर्वकारस्य कृते आर्थिकदृष्ट्या चुनौतीपूर्णं सिद्धं भवितुम् अर्हति। विशेषज्ञाः अनुमानयन्ति यत् सर्वकारः फिट्मेण्ट् कारकं २.६४ इत्यस्य परिधितः स्थापयितुं शक्नोति। यदि एतत् अनुमानं सम्यक सिद्धं भवति तर्हि कर्मचारिणः अद्यापि महत्त्वपूर्णं लाभं पश्यन्ति स्म। यथा, 20,000 मूलभूतवेतनयुक्तः कर्मचारी 2.64 इत्यस्य फिटमेण्ट् कारकस्य आधारेण 52,000 अधिकं यावत् स्वस्य मूलवेतनवृद्धिं द्रष्टुं शक्नोति स्म। तथापि एतत् आकङ्क्षणं केवलं मूलभूतवेतनस्य विषये एव प्रवर्तते स्म; डियरनेस् भत्ता, गृहभाडा भत्ता, इत्यादयः भत्ताः कुलवेतनं अधिकं प्रभावितं करिष्यन्ति।

## सम्पादकीयम्

### एतादृशी एव त्रुटिः

पुनः अपि एतादृशी एव त्रुटिः : नालंदा शितला मातामन्दिरस्य भगदड़स्य पुनरावृत्तिः परिदृश्यः बिहारस्य नालन्दामण्डले शितलामातामन्दिरे प्रार्थनासभायां भगदौ न्यूनातिन्यूनं नव जनाः मृताः। राज्यसर्वकारेण मृतानां परिवारेभ्यः ६ लक्षरूप्यकाणां अनुग्रहदानस्य घोषणा कृता अस्ति। परन्तु एतानि पुनरावर्तनीयानि दुःखदघटनानि देशे सर्वकाराणां प्रशासनानां च भीडप्रबन्धनरणनीतिविषये प्रश्नान् उत्थापयन्ति। बिहारस्य नालण्डानगरस्य शितलमातामन्दिरस्य भगदड़स्य नूतनं कारणं न उद्धृतम्। अतिजनसमूहः, संकीर्णस्थानानि, अफवाः, ततः अराजकता च–एषा देशे एतादृशानां दुःखदघटनानां पुनरावृत्तिः पटकथा। २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य ३१ दिनाङ्के भगदौ अष्टौ भक्ताः, प्रायः महिलाः, प्राणान् त्यक्तवन्तः। अपर्याप्त व्यवस्था। प्रत्यक्षदर्शिनां मते महावीरजयन्त्यस्य संयोजनेन, दिवसस्य मंगलवासरस्य च कारणेन जनसमूहः विशालः आसीत्, तथापि तस्य प्रबन्धनस्य व्यवस्था अपर्याप्तम् आसीत् एकस्मिन् समये एकः अवरोधः मार्गं त्यक्तवान् इति समाचाराः सूचयन्ति, येन जनाः स्वपदं त्यक्तवन्तः। जनसमूहस्य परिमाणं दृष्ट्वा मन्दिरप्रबन्धनपुलिसयोः पर्याप्तव्यवस्था न कृता इति भक्तैः आरोपः कृतः। कालनाः बालकानां कृते सर्वोत्तमः जनभाषणपाठ्यक्रमः।

**विस्फोटाः मास्कोनगरं हिलन्ति यतः युक्रेनदेशः प्रचलति संघर्षस्य**

# मध्यं तैलशोधनालयं लक्ष्यं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



पश्चिम एशियायां द्वन्द्वस्य प्रकोपात् युद्धभयात् च विश्वं कष्टेन एव स्वस्थः अभवत् यदा रूस-युक्रेन-सङ्घर्षः पुनः खतरनाकं रूपं गृहीतवान् युक्रेनदेशेन रूसस्य राजधानी मास्कोनगरस्य अन्तः स्थिते प्रमुखे तैलशोधनकेन्द्रे ड्रोन्-यानेन प्रमुखः आक्रमणः कृतः। आक्रमणानन्तरं क्षेत्रे अराजकता उत्पन्ना; विशालतैलटङ्क्योः ज्वालाः, आकाशं प्रति प्रवहन्तः कृष्णधूमः च किलोमीटं-दूरे दृश्यन्ते स्म। अन्तिमेषु वर्षेषु रूसीक्षेत्रस्य अन्तः युक्रेनदेशेन कृतं बृहत्तमं साहसिकं च आक्रमणं एतत् मन्यते।

मास्को-नगरस्य अस्य सामरिकस्य तैलशोधनालयस्य उपरि प्रहारः तस्मिन् समये अभवत यदा रूसदेशः युक्रेनदेशस्य नगरेषु क्षेपणास्त्र-ड्रोन्-आक्रमणानि निरन्तरं कुर्वन् अस्ति आक्रमणस्य उत्तरदायित्वं स्वीकृत्य युक्रेनदेशस्य राष्ट्रपतिः वोलोडिमिं जेलेन्स्की इत्यनेन एतत् सर्वथा न्याय्यम् इति वर्णितम्। सः अवदत् यत् युक्रेनदेशस्य रूसस्य युद्धयन्त्राय इन्धनं संसाधनं च प्रदातुं ये सुविधाः सन्ति तान् लक्ष्यं कर्तुं अधिकारः अस्ति। जेलेन्स्की इत्यस्य मते एषा क्रिया कीव् इत्यादिषु नगरेषु रूसी-देशस्य अद्यतन-आक्रमणानां प्रतिक्रिया आसीत्।

सामाजिकमाध्यमेषु प्रकटितेषु भिडियोषु तैलभण्डारस्य टङ्कयोः विशालविस्फोटाः दृश्यन्ते स्म। एकस्मिन् भिडियायां विस्फोटस्य बलेन वायुतले उड्डीयमानस्य टङ्कस्य शिखरं गृहीतम्, अन्यस्मिन् तु सम्पूर्णं शोधनालयसङ्कुलं ज्वालायाः आक्रान्तं दृश्यते अग्निशामकदलानि बहुषु स्थानेषु ज्वाला निवारयितुं घण्टाभिः कार्यं कृतवन्तः।

रूसी अधिकारिणां मते युक्रेनदेशेन एकस्मिन् रात्रौ एव रूसदेशं प्रति शतशः ड्रोन्-यानानि प्रक्षेपितानि। रूसस्य रक्षामन्त्रालयस्य दावानुसारं ५५५ तः अधिकाः ड्रोन्-विमानाः पातिताः, तेषु प्रायः २०० मास्को-दिशि गच्छन्ति स्म। तदपि केचन ड्रोन्-यानानि सुरक्षापरिधिं भङ्क्त्य स्वलक्ष्यं प्राप्य तैलशोधनालयस्य क्षतिं कर्तुं समर्थाः अभवन्।

आक्रमणस्य अनन्तरं मास्कोनगरे सुरक्षापरिपाटाः उच्चसजगतायां स्थापिताः। राजधान्याः चतुर्णां प्रमुखविमानस्थानकानाम्-शेरेमेत्येवो, डोमोडेडोवो, व्नुकोवो, जुकोव्स्की च-उड्डयनसञ्चालनं अस्थायीरूपेण स्थगितम्। अनेकाः विमानाः वैकल्पिकविमानस्थानकेषु प्रेषिताः, सुरक्षासंस्थाः च नगरे अतिरिक्तसैनिकाः नियोजितवन्तः।

इदं युक्रेन-देशस्य आक्रमणं रूस-देशस्य कृते महत्त्वपूर्णः आघातः इति मन्यते, विशेषतः यतोहि एतत् तदा एव अभवत् यदा राष्ट्रपतिः व्लादिमीं पुटिन् कजान्-देशे आसियान-राष्ट्रानां नेतारणाम् आतिथ्यं कर्तुं सज्जः आसीत् यदा रूसः अन्तर्राष्ट्रीयमञ्चे स्वस्य कूटनीतिकसङ्गतिं प्रदर्शयितुं प्रयतमानोऽभवत् तदा राजधानीसमीपे अस्मिन् आक्रमणे तस्याः सुरक्षायन्त्रस्य प्रभावशीलतायाः विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः। युक्रेनदेशः कथयति यत् एषा प्रतिकारात्मका कार्यवाही रूसी-आक्रमणानन्तरं कीव-सहितानाम् अनेकनगराणां लक्ष्यं कृतवती। तेषु आक्रमणेषु बहुविधाः क्षतिः अभवत्, यूनेस्को-विश्वविरासतस्थलरूपेण सूचीकृतस्य ऐतिहासिकस्य धार्मिकसङ्कुलस्य क्षतिः च अभवत्; युक्रेनदेशस्य अधिकारिणः एतत् घटनां स्वसांस्कृतिकविरासतां आक्रमणम् इति वर्णितवन्तः। तस्य विपरीतम् रूसदेशेन युक्रेनदेशे ऊर्जामूलसंरचनायाः लक्ष्यं कृत्वा आर्थिकक्षतिं कर्तुं प्रयत्नः कृतः इति आरोपः कृतः। रूसी-अधिकारिणः प्रतिपादयन्ति यत् एतादृशाः आक्रमणाः नागरिकानां, राष्ट्रिय-अर्थव्यवस्थायाः च प्रभावं कर्तुं उद्दिष्टाः सन्ति। अस्य आक्रमणस्य प्रतिक्रिया कठोरतरसैन्यपरिपाटैः।

**सेदिकुल्लाह अटलस्य**

## ४२ रनस्य च उपयोगी योगदानं दत्तवन्तौ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

रहमतशाहः ७९ रनस्य युद्धपारीं कृतवान्, रहमानुल्लाहगुरबाजः ४१ रनस्य, सेदिकुल्लाह अटलस्य ४२ रनस्य च उपयोगी योगदानं दत्तवन्तौ। तदपि सम्पूर्णं अफगानिस्तानदलं २३२ रनेन बहिः कृत्वा भारतं १७० रनेन विजयं दत्तवान्। भारतस्य विजये युवा द्रुतगेन्दबाजः गुर्नूर ब्रारः महती भूमिकां निर्वहति स्म। सः द्वितीयवारं क्रमशः त्रीणि विकेट्-आदयः कृतवान्, येन तस्य श्रृङ्खला-सङ्ख्या षट् विकेट्-आकारः अभवत्। तस्य गतिः, अतिरिक्तः उच्छ्वासः, सटीकरेखा, दीर्घता च अफगानिस्तानस्य बल्लेबाजान् महत्त्वपूर्णतया कष्टं जनयति स्म। गुर्नूरः रहमानुल्लाहगुरबाजस्य महत्त्वपूर्णं विकेटमपि गृहीतवान्-एतत् पराक्रमं सम्पूर्णे क्रिकेट्-जगति चर्चा-विषयं जातम् अस्ति।

जियोस्टार इत्यत्र मैच-उत्तर-प्रदर्शने वदन् सुनील-गावस्करः गुर्नू-ब्रा-इत्यस्य गेन्दबाजी-क्रीडायाः प्रशंसाम् अकरोत्। सः अवलोकितवान् यत् युवा गतिवाहकः सुसन्तुलितः धावन-अपः उत्तमः लयः च अस्ति। एतेन सः प्रभावीरूपेण डेकं मारयितुं शक्नोति तथा च अतिरिक्तं उच्छ्वासं जनयति यत् बल्लेबाजान् आव्हानं करोति। गावस्करः विशेषतया गुरबाजस्य निष्कासनं प्रकाशितवान्, यत्र बाउन्सरः बल्लेबाजस्य अनुसरणं करोति तत् द्रष्टुं योग्यं दृश्यम् इति टिप्पणीं कृतवान्।

गावस्करः चयनसमित्याः मुख्यचयनकर्ता अजीत अगरकरस्य च प्रशंसाम् अकरोत्। सः अवलोकितवान् यत् यद्यपि गुर्नूरस्य आन्तरिकक्रिकेट्-क्रीडायां, इण्डिया-ए-स्तरस्य च आँकडा असाधारणाः न आसन्, तथापि चयनकर्तारः तस्य विशेषक्षमताम् अवगत्य तस्मै अवसरं दत्तवन्तः दलप्रबन्धनम् अपि तस्मिन् विश्वासं धारयति स्म, अधुना क्षेत्रे परिणामाः स्पष्टाः सन्ति। पूर्वभारतीयकप्तानः अपि शुबमनगिल् इत्यस्य नेतृत्वस्य विषये सकारात्मकं वदति स्म।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि के लोगों के लिए दिन भागदौड़ वाला रह सकता है। सुबह से ही काम का दबाव महसूस होगा।

**वृषभ** : वृषभ राशि वालों का ध्यान आज घर-परिवार पर ज्यादा रहेगा। किसी रिश्तेदार से मुलाकात या फोन पर बातचीत हो सकती है।

**मिथुन** : मिथुन राशि के लोगों को आज नए लोगों से मिलने का मौका मिल सकता है। कामकाज में कुछ नए रास्ते खुल सकते हैं।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए दिन राहत देने वाला रह सकता है। लंबे समय से अटका कोई काम आगे बढ़ सकता है।

**सिंह** : सिंह राशि के लोगों को आज कार्यक्षेत्र में सराहना मिल सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं।

**कन्या** : कन्या राशि वालों के लिए मेहनत का दिन है। जिस काम पर लंबे समय से ध्यान दे रहे थे, उसमें प्रगति देखने को मिल सकती है।

**तुला** : तुला राशि के लोगों को आज धैर्य से काम लेना होगा। छोटी-छोटी बातों को दिल पर लेने से बचें। परिवार का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन अच्छा रह सकता है। कई जरूरी काम समय पर पूरे हो सकते हैं।

**धनु** : धनु राशि के लोगों को आज किसी नई योजना पर काम करने का मौका मिल सकता है।

**मकर** : मकर राशि वालों के सामने कुछ नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। हालांकि आप उन्हें आसानी से संभाल लेंगे।

**कुंभ** : कुंभ राशि के लोगों को जल्दबाजी से बचना होगा। किसी भी बड़े फैसले से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें।

**मीन** : मीन राशि वालों के लिए दिन सकारात्मक संकेत लेकर आया है। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 22 जून को गुरु, शुक्र और बुध की युति से बनेगा त्रिग्रही योग, इन राशि वालों के लिए सुनहरे मौके

ज्योतिष में त्रिग्रही योग को बहुत ही शुभ और अच्छा माना जाता है। 22 जून को कर्क राशि में बुध के प्रवेश करने से त्रिग्रही योग का संयोग बना है। इससे कुछ राशि वालों को अच्छा और जबरदस्त लाभ होने के योग बन रहे हैं।

जून का महीना ग्रहों के गोचर के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इसी के चलते 22 जून 2026 को ग्रहों की चाल में बड़ा परिवर्तन होने वाला है। 22 जून को ग्रहों का राजकुमार माने जाने वाले बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, बुध के कर्क राशि में गोचर करने से त्रिग्रही योग का संयोग बनेगा। आपको बता दें कि कर्क राशि में पहले से ही गुरु और शुक्र दोनों ही मौजूद हैं। इस तरह से बुध के गोचर करने से कर्क राशि में त्रिग्रही योग बना हुआ है। ज्योतिष में बुध ग्रह को वाणी, व्यापार और बुद्धि का कारक जबकि शुक्र को सुख-सुविधा और ऐशोआराम का कारक और गुरु को भाग्य और ज्ञान का कारक माना जाता है। ऐसे में एक साथ तीन ग्रहों की युति से कई तरह के शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। आइए जानते हैं कर्क राशि में त्रिग्रही योग से किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।



**मिथुन राशि पर त्रिग्रही योग प्रभाव-** मिथुन राशि वालों पर त्रिग्रही योग का शुभ और अच्छा प्रभाव देखने को मिलेगा। इस दौरान नई नौकरी के लिए अच्छे अवसरों की प्राप्ति हो सकती है। करियर में कोई बड़ा परिवर्तन आने की संभावना बन रही है। धन लाभ के अवसरों में बेतहाशा वृद्धि के योग हैं। जो लोग किसी तरह के कारोबार से संबंधित है उनको कोई अच्छी डील हो सकती है।

**कर्क राशि पर त्रिग्रही योग का प्रभाव-** 22 जून से कर्क राशि में ही तीन ग्रहों का संयोग बन रहा है, इससे कुछ राशि वालों के लिए बेहतर अवसरों की प्राप्ति हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि, नौकरी में नए तरह के अवसरों का लाभ मिलेगा। इस दौरान आय में अचानक बढ़ोतरी होगी। धर्म-कर्म में रूचि पहले के मुकाबले बढ़ेंगे। रुके हुए काम जल्द से जल्द पूरे होंगे। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा जिससे आपको मान-सम्मान में वृद्धि होगी, संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**कन्या राशि पर त्रिग्रही योग का प्रभाव-** कन्या राशि वालों के लिए त्रिग्रही योग शुभ और लाभकारी साबित होंगे। इस दौरान आपके सभी तरह के अटके हुए काम पूरे होंगे जिससे आपकी रुकी हुई आर्थिक गतिविधियों में पंख लग जाएंगे। नौकरीपेशा जातकों को कुछ बेहतरीन अवसर इस दौरान प्राप्त होंगे। निवेश संबंधी मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से अच्छी सलाह आपके काम बहुत ही कामयाब होगी। वैवाहिक जीवन में सुखों की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि पर त्रिग्रही योग का प्रभाव-** गुरु, शुक्र और बुध के कर्क राशि में युति से बना त्रिग्रही योग मकर राशि वालों के लिए बहुत ही अनुकूल और शुभ साबित होगा। व्यापार में कोई अच्छी डील आपको हासिल हो सकती है। आपका कहीं से फंसा हुआ धन वापस मिल सकता है। आपका आर्थिक पक्ष बहुत मजबूत रहेगा। प्रेम संबंधों के मामलों में आपको साथी की तरफ से प्यार पाने में आपको कामयाबी मिलेगी। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले मजबूत होगी।

**गर्मी और प्री-मानसून बारिश के कारण फैसला लिया गया, मैच नहीं बढ़ाए जाएंगे**

# अगले साल एक हफ्ते पहले शुरू होगा आईपीएल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल का अगला सीजन एक हफ्ते पहले शुरू होगा। यह कहना है बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया का।

सैकिया ने गुरुवार को पीटीआई से कहा- बढ़ती गर्मी और प्री-मानसून के कारण आईपीएल जल्दी शुरू होगा। इसकी तारीखें 10 मार्च से 15 मई 2027 हो सकती हैं।

उन्होंने यह भी कहा- व्यस्त इंटरनेशनल कैलेंडर के कारण लीग में मैचों की संख्या नहीं बढ़ेगी। पहले लीग के मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 करने की तैयारी थी।

सैकिया ने कहा- 'आईपीएल मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होकर मई के आखिरी हफ्ते तक चलता है। लेकिन, मई के दूसरे पखवाड़े में कई वेन्यू पर बहुत ज्यादा गर्मी और बारिश की आशंका रहती है। इससे खिलाड़ियों और फैंस को परेशानी होती है।

पिछले सीजन बारिश से प्रभावित मैच आईपीएल 2026 में बारिश कई टीमों के लिए परेशानी का कारण बनी। टूर्नामेंट के दौरान एक मैच पूरी तरह रद्द करना पड़ा, जबकि दो मुकाबलों के ओवर घटाने पड़े। इसके अलावा 4-5 अन्य मैचों में भी बारिश ने खेल में बाधा डाली, हालांकि उन मुकाबलों में बाद में पूरे ओवरों का खेल कराया गया।

6 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला बारिश और गीले मैदान के कारण रद्द करना पड़ा था। ङ्खफने 3.4 ओवर में 25 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका। दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा।

7 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच बारिश के कारण करीब ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। मुकाबले को घटाकर 11-11 ओवर का कर दिया गया था। राजस्थान ने यह मैच 27 रन से जीता था।

वहीं, 7 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच भी बारिश से प्रभावित रहा। इस मुकाबले को 19-19 ओवर का किया गया था, जिसमें लखनऊ ने 9 रन से जीत दर्ज की थी।



### कुरुविला को संभावित विंडो तलाशने को कहा है: सैकिया

सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल इस पर चर्चा कर रहे हैं। बोर्ड ने गेम्स डेवलपमेंट महाप्रबंधक एबी कुरुविला को भी संभावित विंडो तलाशने का निर्देश दिए हैं।

### डोमेस्टिक क्रिकेट के कैलेंडर में बदलाव संभव

सैकिया ने यह भी कहा कि आईपीएल को मार्च में शुरू करने के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। उनकी कोशिश होगी कि घरेलू क्रिकेट सत्र 10 मार्च तक समाप्त हो जाए, ताकि उसके तुरंत बाद आईपीएल का आयोजन शुरू किया जा सके।

## न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट इंग्लैंड से 253 रन से जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओवल

दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 253 रनों से हरा दिया। लंदन के ओवल मैदान पर खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले के पांचवें दिन 463 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में महज 209 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 11 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। हार के साथ इंग्लैंड के लिए आईसीसी की तरफ से भी बुरी खबर आई। स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर मैच फीस का 50% जुर्माना लगाया गया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में उसके 12 अंक काट लिए गए। इंग्लैंड को जीत के लिए पांचवें दिन 281 रन की जरूरत थी, जबकि उसके पांच विकेट शेष थे। चौथे दिन का खेल 5 विकेट पर 182 रन के स्कोर पर समाप्त हुआ था। अंतिम दिन इंग्लैंड की पारी महज एक घंटे के भीतर सिमट गई। इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद अंतरिम कप्तान जो रूट थे, जो चौथे दिन 75 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। खेल शुरू होने के केवल आठ मिनट बाद मैट हेनरी की अंदर आती गेंद पर वे एलबीडब्ल्यू हो गए।

**इंग्लैंड दौरे पर गिल होंगे वनडे कप्तान**

## शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल टीम से बाहर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रविवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल कप्तान बनाए गए हैं। श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी दी गई है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज को 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए अहम माना जा रहा है। दौरे पर पांच टी-20 और तीन वनडे मैच होंगे। टी-20 टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है। श्रेयस अय्यर टी-20 टीम के कप्तान हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है। यशस्वी को चोटिल विराट कोहली की जगह अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया था। वरुण चक्रवर्ती चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दोनों सीरीज के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन फिलहाल वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। बीसीसीआई के अनुसार, उनकी वापसी पर अंतिम फैसला मेडिकल टीम की सलाह के बाद लिया जाएगा।

**आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

## खबर एक नजर...

### आंध्रप्रदेश से परिवार के आने पर कराया पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने शनिवार को उज्जैन आये श्रीकुमल आंध्रप्रदेश के युवक नेटी मणिकांता की वापस इंदौर लौटते समय देवासरोड प्रेमनगर ब्रिज के नीचे कार का टायर फटने पर डिवाइडर से टकराने के बाद मौत हो गई थी। हादसे में उसका पार्टनर ओमप्रकाश धाकड़ निवासी इंदौर और कार चालक बालकिशन घायल हो गये थे। नागझिरी थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक के परिजनों को सूचना दी थी। रविवार सुबह फ्लाइट और बस के रास्ते उज्जैन पहुंचा। पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि मणिकांता बीज का कारोबार करता था। वह इंदौर में रहने वाले पार्टनर ओमप्रकाश से मिलने आया था। जहां से दोनों कार चालक के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंपा गया। जिसे अंतिम संस्कार के लिये आंध्रप्रदेश ले जाया गया है।

### विवाद होने पर 2 दोस्तों ने पत्थरों से किया हमला

**उज्जैन।** गुना का रहने वाला हक्कूराम पिता बैजनाथ 33 साल उज्जैन दूधतलाई स्थित रैन बसेरा में रहकर पेंटरी का काम कर रहा है। शनिवार रात वह मिस्त्री का काम करने वाले 2 दोस्त दीपक और धर्मेन्द्र के साथ शराब पीने के लिये आगररोड गरोठ ब्रिज के आगे पहुंचा था। जहां शराब पीने के दौरान हक्कूराम का दोस्तों से विवाद हो गया। दोस्तों ने पत्थरों से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया और मौके से भाग निकले। घायल को लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची। इस दौरान पता चला कि घायल पत्थरों से हमला करने वालों को नाम से पहचानता है, कहां रहने है, इसकी जानकारी नहीं है।

### हिरासत में आते ही उतरी युवक की एकतरफा आशिकी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के सलामता में रहने वाले गोविंद पिता रघुनाथ की पुलिस हिरासत में आते ही एकतरफा आशिकी उतर उतर गई। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आरोपित ग्राम झीतरखेड़ी में रहने वाली युवती के साथ पढ़ाई करता था। युवती ग्रेज्युशन करने के लिये बाहर चली गई। गोविंद जेसीबी चलाने लगा। ग्रेज्युशन के बाद युवती की परिवार ने विजयागंजमंडी में शादी कर दी। लेकिन एकतरफा आशिकी में डूबे गोविंद की हरकते कम नहीं हुई। उसने युवती को फोन कॉल कर परेशान करना शुरू कर दिया। मायके आने पर उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। यहीं नहीं कुछ दिन पहले उसने युवती के घर पथराव भी कर दिया था। युवती के परिवार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सलामता में दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। जिसकों सलाखों में बंद करते ही आशिकी उतर गई। थाना प्रभारी के अनुसार उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### न्यूनतम तापमान में आई 3.5 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन।** शनिवार को मानसून की झमाझम के बाद 84.6 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। 3 इंच से अधिक हुई बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया। गर्मी-उमस से राहत मिली, वहीं तापमान में भी गिरावट आ गई। शनिवार-रविवार रात न्यूनतम तामपान 3.5 डिग्री कम हुआ और 22.5 डिग्री दर्ज हुआ। रविवार को बारिश थमी होने पर अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहा।

### रूपांतरण के प्रशिक्षकों ने 16 स्थानों पर 720 साधकों को कराया योगाभ्यास

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उज्जैन, बड़नगर एवं महिदपुर क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इन आयोजनों में कुल 720 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें उज्जैन शहर के विभिन्न केंद्रों पर 480 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 240 साधक शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश अनुसार सभी आयु वर्ग के लोगों ने योग को केवल व्यायाम न मानकर इसे मानव चेतना, शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रूपांतरण योग केंद्र में आयोजित मुख्य सत्र में माय भारत एवं मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

### क्षीरसागर स्थित धर्मशाला में 20 से 25 जून तक लगा शिविर

**उज्जैन।** 'समृद्ध वन, खुशहाल जन' की थीम पर दशहरा मैदान में आयोजित महाकाल वन मेला 2026 में उत्कृष्ट स्टाल निजी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले जबलपुर के नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेले में अत्यधिक भीड़ के कारण कई लोग स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित रह गए थे, जिसे देखते हुए जनता की भारी मांग पर उन्होंने उज्जैन में शिविर लगाने का निर्णय लिया है। नाड़ी परीक्षा के माध्यम से सटीक रोग निदान करने वाले संतोष जायसवाल उज्जैन में 20 से 25 जून तक प्रकाश टॉकीज के बाजू, क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित जायसवाल धर्मशाला में मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

3 7 9

---

नागदा-उन्हेल मार्ग मोहपुरा ब्रिज के पास हादसा, तेजगति से दौड़ती तूफान सीधे बाइक से जा भिड़ी

# 2 दोस्तों की मौके पर मौत, गाड़ी छोड़कर भागा चालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा-उन्हेल मार्ग मोहनपुरा ब्रिज के पास रविवार को हादसा हो गया। तेजगति से दौड़ती तूफान सीधे बाइक से जा भिड़ी। बाइक सवार 2 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद चालक तूफान गाड़ी छोड़ भाग निकला। पुलिस चालक का पता लगा रही है।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कन्नोजिया ने बताया कि मोहनपुरा ब्रिज के पास हुई दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। घटनास्थल पर बाइक सवार 2 युवकों की मौत होना सामने आया। लोगों ने बताया कि भैरवगढ़ से आ रही तूफान गाड़ी क्रमांक एमपी 09 बी डी 6033 ने दोनों को सीधी टक्कर मारी थी। घटनाक्रम के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भागा है। दोनों मृतकों की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, तभी वहां एकत्रित हुए कुछ लोगों ने बताया कि दोनों मुरलीपुरा के रहने वाले किशन उर्फ विशाल पिता रमाभरण बोरासी 26 साल और विक्रम पिता मदनदास बैरागी 38 साल है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पहुंच गये थे। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजे गये। जहां सामने आया कि दोनों दोस्त थे और मजदूरी करते थे। सुबह बाइक से मजदूरी के लिये निकले थे। एएसआई कन्नोजिया के अनुसार दुर्घटना से स्थल से तूफान गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है। दोपहर में मृतकों के पोस्टमार्टम कराकर शव अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपे गये। बताया जा रहा है कि दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई।






#### चार पहिया वाहनों से हर दिन दुर्घटना

शहर में पिछले कुछ समय से चार पहिया वाहनों से सड़क दुर्घटना के मामले लगातार सामने आ रहे है। हर 4 से 5 दिन में मौत होना और प्रतिदिन घायल लोग अस्पताल पहुंच रहे है। पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा के इंतजाम किये थे, जहां दुर्घटना का ग्राफ कम हो गया, लेकिन अन्य मार्गो पर आये दिन मामले सामने आ रहे है। चार पहिया वाहन रफ्तार का नियंत्रित नहीं कर पा रहे है। जिसके चलते कई लोगों के घरों का चिराग बुझ रहा है। वाहन चालकों को मार्गो पर वाहन की गति को नियंत्रत करना होगा, तभी दुर्घटनाओं का ग्राफ कम होगा।

## अपहरण-दुष्कर्म में सहयोगी आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिदपुर से 2 माह पहले लापता हुई बालिका को 18 जून को पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब किया था। बालिका को कमल पिता मांगू बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और गलत काम किया था। जिसे गिरफ्तार कर पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया था। बालिका के बयान दर्ज करने पर सामने आया था कि कमल ने उसे भोपाल में लखन उर्फ राजू पिता लालजीराम मोंगिया के मकान में रखा था। लखन द्वारा कमल का पूरा सहयोग किया जा रहा है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बालिका के बयान दर्ज करने के बाद अपहरण और दुष्कर्म में सहयोग करने वाले लखन को आरोपी बनाया गया था। जिसकी तलाश में एक टीम भोपाल भेजी गई थी। शनिवार रात उसे गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया। जिसे पूछताछ के बाद रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



## शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर ठगे 10.90 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ शातिर बदमाशों द्वारा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 10.90 लाख की ठगी कर ली। बदमाशों ने तमिलनाडू सहित अन्य राज्यों के खातों में राशि का ट्रांजेक्शन कराया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि विवेकानंद कालोनी में रहने वाले विकास पिता राजकुमार त्रिवेदी बैगलूर की हेल्थ केयर कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। अप्रैल माह में शेयर मार्केट में इंवेस्ट के लिये उन्होने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एक कंपनी से उनका संपर्क हुआ। ऑनलाइन और मोबाइल पर जानकारी लेने पर उन्हे बताया कि मुनाफा सौ प्रतिशत होगा। लेकिन मुनाफे में से 40 प्रतिशत कंपनी को देना होगा। 60 प्रतिशत तुम्हे मिलेगा। विकास त्रिवेदी बातों में आ गये और इवेंटमेंट शुरू कर दिया। शुरूआती दिनों में उन्हे मुनाफा मिला, जो प्राप्त हुआ। तथाकथित शेयर मार्केट कंपनी उनसे अलग-अलग खातों में ट्रांजेक्शन करने लगी। विकास त्रिवेदी ने अप्रैल से मई माह के बीच 10 लाख 90 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया। बड़ी राशि हाथ लगते ही मुनाफा देने वालों से संपर्क बंद कर दिया। उनके खाते में 60 प्रतिशत राशि आना भी बंद हो गई। अपने साथ धोखाधड़ी का आभास होने पर उन्होने मामले की शिकायत थाने आकर दर्ज कराई।

प्रारंभिक जानकारी के बाद सामने आया कि कुछ राशि तमिलनाडू के खाते में गई है। वहीं शेष राज्य अन्य राज्यों में संचालित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। जिसकी जानकारी बैंकों के माध्यम से प्राप्त कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जायेगा। शेयर मार्केट के नाम होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक करने के साथ सर्तक कर रहा है, बावजूद लोग मुनाफे के लालच में अपनी कमाई और जमापूंजी गवां रहे है।



आज से छोटे होने लगेगें दिन, 3 माह बाद दिन-रात होगें बराबर

## दोपहर में शून्य हुई परछाई, 13:34 घंटे का रहा दिन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रविवार को साल का सबसे बड़ा दिन गुजरा, दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनट की रही। सबसे खास वजह यही रही कि दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर परछाई शून्य हो गई। खगोलीय घटना को देखने और समझने के लिये कई लोग शासकीय जीवाजी वेधशाला पहुंचे।

सूर्य के चारों और पृथ्वी के घूमने पर पूरे वर्ष कई खगोलीय घटनाएं सामने आती है। 21 जून रविवार को भी खगोलीय नजारा दिखाई दिया। दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर कुछ देर के लिये परछाई गायब हो गई। वैज्ञानिक दृष्टि से इसे शून्य दिवस कहा जाता है। परछाई के शून्य होने के साथ ही दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनट की रही। जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य कर्करेखा से मकर रेखा के बीच गति करता दृष्टिगोचर होता है। इस स्थिति में सूर्य 21 जून रविवार को उत्तरी गोलार्द्ध में कर्करेखा पर लम्बवत हुआ। इस दिन सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 15 विकला उत्तरा रही। उज्जैन कर्करेखा के नजदीक स्थित है। दोपहर 12 बजकर 28 मिनटपर सूर्य, कर्करेखा पर पूरी तरह लम्बवत होते ही परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो गई। सायन गणना के अनुसार 21 जून को सूर्य ने कर्क राशि में प्रवेश किया है। परछाई के शून्य होने के साथ खगोलीय घटना में रविवार को दिन की अवधि भी सबसे लम्बी रही। सूर्य के उत्तरी स्थिति कर्करेखा पर होने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बड़ा रहा। वहीं रविवार-सोमवार की रात सबसे छोटी रहेगी। जिसकी अवधि 10 घंटे 26 मिनट होगी। रविवार को हुई खगोलीय घटना को वेधशाला पर शंकु यंत्र के माध्यम से देखने के लिये कई लोग पहुंचे थे। जिन्हे पूरी घटना की जानकारी पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वार दी गई।



#### आज से रात की अवधि होगी लम्बी

वेधशाला अधीक्षक के अनुसार रविवार को सूर्य की गति दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होने पर इसे दक्षिणायान का प्रारंभ कहते है। सोमवार (आज) से उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेगें और रात की अवधि लम्बी होगी। यह क्रम 3 माह 22 सितंबर तक बना रहेगा। 23 सितंबर को दिन-रात की अवधि बराबर हो जायेगी।

### संगीत के महाकुंभ में 12-12 घंटे गूंजे सुर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित दो दिवसीय 'संगीत का महाकुंभ' कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था हारमोनियम बिट्स द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में 70 संस्थाओं के 800 कलाकारों ने गायन, वादन, नृत्य और बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। दोनों दिन यह कार्यक्रम 12-12 घंटे तक अनवरत चला, जिसने शहर की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई प्रदान की। संस्था अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस उत्सव में इस बार कलाकारों की रिकॉर्ड सहभागिता रही। यह कला का एक अनूठा समागम है, जहां संगीत और नृत्य की सभी विधाएं एक ही मंच पर जीवंत हो उठीं। शहर में इतने बड़े स्तर पर कलाकारों का जुटना एक बड़ी उपलब्धि है। इस आयोजन का सीधा प्रसारण महाकाल भक्ति चैनल पर किया गया, जिसे देश-विदेश के लाखों दर्शकों ने देखा।

## परिवार लौटा तो फंदे पर लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में गया परिवार रविवार शाम वापस लौटा तो उन्होने युवक को फंदे पर लटका देखा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि शंकरपुर में रहने वाला बागाना परिवार रिश्तेदारी में कार्यक्रम होने पर सुबह गया था। शाम को घर लौटा तो परिवार का अरविंद पिता हिरालाल बागाना रस्सी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। परिवार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर जांच के बाद शव फंदे से उतारा गया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। सोमवार सुबह परिजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी सामने आई कि मृतक शराब पीने का आदी था और परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नहीं गया था।

#### सीढियों से गिरे युवक की मौत

पंवासा थाना क्षेत्र की मक्सीरोड उद्योगपुरी क्षेत्र में आई आटोस कंपनी में काम करने वाला सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी काम करते समय सीढियों से गिरकर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रविवार शाम मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

बारिश में भी नहीं रुकेगी साधना

## चकोर पार्क में 13 लाख से बने योग भवन का लोकार्पण

### विश्व योग दिवस पर प्रभारी मंत्री ने दी सौगात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व योग दिवस के अवसर पर मक्सी रोड स्थित चकोर पार्क में नवनिर्मित योग भवन का लोकार्पण किया गया। लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बने इस 1700 स्क्वेयर फीट के भवन की सौगात जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने दी। इस सर्वसुविधायुक्त भवन के बनने से अब बारिश के दिनों में भी साधकों की योग साधना प्रभावित नहीं होगी।

चकोर पार्क में योग साधना शिवोहम् एवं संस्था अलख उज्जयिनी द्वारा योगाचार्य महंत विजय गोस्वामी के सानिध्य में बीते 7 वर्षों से निशुल्क योग प्रशिक्षण अनवरत संचालित किया जा रहा है। बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे साधकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए, पिछले वर्ष महापौर मुकेश टटवाल और नगर पालिक निगम सभापति कलावती यादव ने इस योग भवन के निर्माण का भूमिपूजन किया था।

21 जून 2026 को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में इसका भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद सिंह खिंची, महामंत्री कमल बेरवा, माधवनगर मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, प्रभारी कल्याण शिवहरे सहित माधवनगर के सभी पार्षदगण एवं सैकड़ों की संख्या में नियमित योग साधक उपस्थित रहे।

**नियमित साधकों का हुआ सम्मान, लिया संकल्प-** लोकार्पण समारोह के साथ ही विश्व योग दिवस का कार्यक्रम भी उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान योग साधना शिवोहम के नियमित योग साधकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में योगाचार्य महंत विजय गोस्वामी ने उपस्थितजनों को जीवन में योग के महत्व से अवगत कराते हुए, स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन एक घंटा योग व व्यायाम करने का संकल्प दिलाया।

उज्जैन के 5 गांवों को राहत देने के लिए 15 दिन लगा बोमा हटाया

## बोमा लगाने पर पकड़ाई मात्र 7 नीलगाय, खर्च आया 10 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शाजापुर की तर्ज पर उज्जैन तहसील मुख्यालय पर लगाया गया बोमा नीलगायों को पकड़ने में नाकामयाब रहा है। 15 दिन लगाए गए बोमा को अंततः निकाल लिया गया है। इन 15 दिनों में मात्र 7 नीलगाय पकड़ाई है। इस पर करीब 10 लाख से अधिक का खर्च आना सामने आ रहा है। जिसमें से 6 ग्रामीणों ने पकड़ कर वन विभाग को सौंपी और एक गाय बोमा में आई थी। गांधी सागर अभ्यारण्य एवं कूनों राष्ट्रीय पार्क से मंगवाए गए ट्रक यहां से खाली लौटे हैं।

नीलगायों की समस्या से कृषकों को निजात दिलाने के लिए उज्जैन वन विभाग ने उज्जैन तहसील के ग्राम बृजराजखेड़ी में 5 गांवों में मौजूद नीलगायों को पकड़ने के लिए 1 जून को बोमा लगाया गया था। असफलता की स्थिति में जिसे 15 जून के उपरांत निकाल लिया गया।

**15 दिन में कई प्रयास नाकामयाब-** 15 दिनों में वन विभाग के करीब 6 दर्जन से अधिक कर्मचारी अधिकारी, पशु चिकित्सक इस पूरे रेस्क्यू आपरेशन में लगे रहे। इनके साथ ही पांच गांव में शामिल छायन, करोहन, राधौपिपलिया क्षेत्र के करीब 300 कृषकों ने भी इनका साथ दिया लेकिन पूरे ऑपरेशन को नाकामयाबी ही मिली है। नीलगायों को बोमा से पकड़ने के बाद राष्ट्रीय पार्क कूनो एवं गांधी सागर अभ्यारण्य में भेजने की तैयारी के लिए वहां से वन्य जीवों के ट्रांसलोकेशन के बडे ट्रकों को कर्मचारियों के साथ बुलवाया गया था जिन्हें भी खाली स्थिति में ही भेजा गया है। गांधी सागर से इस ऑपरेशन के लिए आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी आए थे। कुनों से 4 कर्मचारी ट्रक के साथ यहां पहुंचे थे। इसके अतिरिक्त शाजापुर एवं राजगढ़ जिला वन विभाग कर्मियों ने भी आपरेशन में हिस्सेदारी की थी। उज्जैन एवं तराना रेंज के कर्मचारियों को भी इसमें लगाया गया था।

**6 नीलगाय ग्रामीणों ने पकड कर सौंपी, एक बोमा में आई**



#### ये कारण आ रहे सामने-

शाजापुर, कालापीपल क्षेत्र में जंगल क्षेत्र होने से नीलगायों को बोमा क्षेत्र में घेरने में समय नहीं लगा। इसके साथ ही वहां हेलीकाप्टर का उपयोग किए जाने से नीलगायों की लोकेशन एवं उनके बैठने के स्थानों को जल्द ही खोज लिया गया। इसकी अपेक्षा उज्जैन में जहां बोमा लगाया गया था वो पूरा क्षेत्र मैदानी था। फसल नहीं होन के कारण खेत पूरी तरह से खाली रहे और नीलगायों को हाका के दौरान घेरने में भी यही परेशानी रही कि एक बड़ा क्षेत्र उन्हें मिलने पर उन्होंने स्वतंत्र क्षेत्र में दौड लगा दी एवं दो तीन प्रयासों के बाद नीलगायों ने क्षेत्र ही छोड़ दिया और वहां से कई किलोमीटर दूर पहुंच गई। विभाग ने नीलगायों को वापस घेरने के लिए अन्यानेक प्रपंच भी किए लेकिन हर प्रयास नाकाफी ही रहा है।

#### वाहनों में डीजल फूंका 2 लाख का

इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने में विभाग ने करीब 2 लाख से अधिक का वाहनों में डीजल फुंक दिया। पंद्रह दिनों में किए गए प्रयासों में ग्रामीणों को तड़के से हांका लगाने के लिए एकत्रित किया गया और विभाग के निर्देशानुसार काम करवाया गया। इसके बाद भी 7 नीलगायें ही पकडाई है। इनमें से 6 नीलगाय ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्रों से पकड़ कर वन विभाग को सौंपी हैं और एक नीलगाय इस दौरान बोमा में आई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com